दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 17 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 59 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# 12 मार्च को किस मामले में एक साथ चर्चा करने जा रहे हैं तीनों माननीय

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। सोमवार 17 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 59 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मामले में 18 लोगों की दर्दनाक मौत

## पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू, रक्षामंत्री मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने घटना पर गहरा दुख जताया

### मृतकों के परिजनों को रेलवे ने वितरित की 1.80 करोड़ की धनराशि




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात प्लेटफॉर्म नंबर 13 और 14 पर उस समय भगदड़ मची, जब यात्रियों के बीच प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैली। जिससे रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया, जिसमें 4 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई और कई घायल बताए जा रहे हैं। इस घटना को लेकर रेलवे ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं रेलवे की तरफ से मृतक, घायलों को धनराशि दी गई।

रेलवे की तरफ से मृतकों और घायलों को कितनी अनुग्रह राशि दी गई।

1. हादसे में मारे गए 18 लोगों के परिजनों को 1.80 करोड़ रुपये की राशि दी गई।

2. गंभीर रूप से घायल वाले तीन यात्रियों को 7.5 लाख रुपये दिए गए।

3. घायल 12 में से 10 यात्रियों को 10 लाख रुपये प्रदान किए गए। बाकी 2 घायलों को कुल 2 लाख रुपये सहायता रारिश दी गई।

बता दें कि 15 घायल यात्रियों में से 11 यात्रियों को रविवार को उचित इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अब चार यात्री अस्पताल में भर्ती रह गए हैं, जिसमें से एक घायल यात्री का इलाज लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और तीन घायल यात्रियों का इलाज लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में चल रहा है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

### भगदड़ में मारे गए बिहार के मृतकों को दिए जाएंगे 2 लाख - सीएम नीतीश

वहीं बता दें कि बिहार से मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने दिल्ली पहुंचने पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ को लेकर दुख जताया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत बिहार में रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बता दें कि बीती रात नई दिल्ली स्टेशन पर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी लेट थीं। इन दोनों ट्रेन के यात्री प्लेटफॉर्म 12, 13 और 14 पर मौजूद थे। वहीं, प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी, जिसके यात्री पर भी वहीं मौजूद थे, जिसके चलते भीड़ बढ़ गई। रेलवे के उटक के मुताबिक हर घंटे 1500 जनरल टिकट भी बेचे गए, जिसकी वजह से भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मची।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद अलर्ट हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी

### रविवार की रात किया गया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसा हुआ। तो इसके बाद पूरे प्रदेशभर में अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर पुलिस और रेलवे पुलिस सुरक्षा बल को अलर्ट किया गया है। रविवार की रात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी सिटी राजेश कुमार द्वारा एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग, प्रभारी निरीक्षक विजयनगर शशि चौधरी, रेलवे सुरक्षा बल व प्रभारी निरीक्षक रेलवे पुलिस के साथ रेलवे स्टेशन गाजियाबाद का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की जिन प्लेटफार्म से ट्रेन जाती हैं, वहां की स्थिति का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल लगातार यात्रियों से धैर्य एवं संयम के साथ यात्रा करने की उद्घोषणा भी करवा रहा है।



### सीसीटीवी से हो रही है प्लेटफार्म की निगरानी



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली में जिस तरीके से हादसा हुआ है, ऐसी कोई दुर्घटना ना हो, इसके लिए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखी जा रही है। वहीं रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्थानीय पुलिस भी समय-समय पर रेलवे स्टेशन की भीड़ और अन्य व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने का काम कर रही है।

## कुछ अधिकारी वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता पूर्वक काम करने के संदेश की गलत व्याख्या करके अधिकारी राज की स्थापना का सपना देखते हैं : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आईएएस अफसरों की ट्रेनिंग देने वाले संस्थान में अपने महत्वपूर्ण संबोधन में कहा कि अधिकारी पर भी ये दायित्व है कि वह जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जितना जन भावनाओं के अनुकूल काम करने का दायित्व जन प्रतिनिधि पर है, उतना ही दायित्व नौकरशाही पर है। जनहित और जनभावनाओं का सम्मिश्रण नौकर शाह का भी मार्ग दर्शक है। जनहित से अनुप्राणित जनभावनाएं सदैव लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं।



**लाखों का प्रतिनिधित्व करने वाला जनप्रतिनिधि अर्थहीन है।अंत में इस प्रवृति का खामियाजा सत्तारूढ़ सरकार को ही भुगतना पड़ता है।**

अपने एजेंडे पर चलाना न तो नौकरशाह के लिए उचित है और न जनप्रतिनिधि के लिए उचित है। आजकल नौकर शाहों में ये प्रवृति विकसित हुई है कि जन प्रतिनिधि की अवहेलना करके अपनी सर्वोच्चता स्थापित करना भी लोक तंत्र की जड़ें खोदने वाली प्रवृति है।

कुछ अधिकारी वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता पूर्वक काम करने के संदेश की गलत व्याख्या करके अधिकारी राज की स्थापना का सपना देखते हैं। स्वतंत्रता पूर्वक काम करने का ये अर्थ कदापि नहीं है कि आप जो चाहें करें। लाखों का प्रतिनिधित्व करने वाला जनप्रतिनिधि अर्थहीन है।अंत में इस प्रवृति का खामियाजा सत्तारूढ़ सरकार को ही भुगतना पड़ता है।

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 2 अप्रैल तक जारी रहेगी धारा-163

### बोर्ड परीक्षा, त्यौहारों और पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों ने लिया फैसला

### रमजान व होली के त्यौहार पर रहेगी विशेष नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम रविवार को फिर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत धारा-163 लगाई गई है। यह 2 अप्रैल तक जारी रहेगी। दरअसल 23 फरवरी को महर्षि दयानंद जयंती है। 26 को महाशिवरात्रि का बड़ा आयोजन रहेगा। वहीं 1 मार्च से रमजान का महीना शुरू हो रहा है, तो 13 मार्च को होलिका दहन व 14 को होली मनाई जाएगी। 28 मार्च को अलविदा जुमे की नमाज है। इसी के साथ 31 मार्च को ईद का त्यौहार है। इसके साथ ही वर्तमान में विभिन्न बोर्ड की प्रतियोगिताएं प्रारंभ हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत रखने और शांति व्यवस्था कायम करने के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय कमिश्नरेट राजेश कुमार द्वारा 2 अप्रैल तक के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-163 लागू कर दी गई है। जिसके तहत किसी भी स्थान पर पांच या पांच से अधिक लोग बिना इजाजत के कोई भी आयोजन नहीं करेंगे। वहीं कोर्ट द्वारा तय किए गए डेसीबल के आधार पर ही डीजे चलाया जा सकेगा। बिना किसी परमिशन के जुलूस, सभाएं, सम्मेलन, धरना- प्रदर्शन व बड़ा आयोजन नहीं होगा।




### बिना पहचान के नहीं मिलेगी रहने की एंट्री

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने पेट्रोल पंप मालिकों को खुला पेट्रोल नहीं बचने का निर्देश दिया है। तो वहीं डीजल और अन्य जलनशील पदार्थ भी खुले में ना बेंचे। इसके साथ ही सभी होटलों, धर्मशाला के प्रबंधक और मैनेजरों को किसी भी व्यक्ति की बिना पहचान के किराए पर कमरा न देने का निर्देश दिया गया है। वहीं सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया पर भी किसी प्रकार का आपत्तिजनक प्रचार प्रसार ना हो, इसके पुलिस के अधिकारियों को निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

### ईंट, पत्थर ,कांच की बोतल स्टोरेज पर रोक

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को सार्वजनिक स्थान पर अपने घर की छत पर किसी प्रकार की ईंटें, पत्थर किसी प्रकार की मिट्टी, कांच की बॉटल, सोडा वाटर बॉटल, ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करने का निर्देश है। तो वहीं चाकू, भाला, बरछी, तलवार, छुरा आदि लेकर भी नहीं चल सकेगा। पुलिसकर्मी और निजी सुरक्षा गार्ड जिनके पास लाइसेंस है, वही हथियारों के साथ रहेंगे। धारा- 163 लागू होने के बाद कई तरीके की और भी पाबंदियां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कायम कर दी गई हैं।

### महाशिवरात्रि से लेकर रमजान और ईद-होली का है त्यौहार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि जहां महर्षिदयानंद जयंती है। तो वहीं महाशिवरात्रि, रमजान का मुबारक महीना, होलिका दहन, होली और ईद उल फितर का त्योहार आएगा। ऐसे में इसी प्रकार से माहौल बिगड़ने की कोशिश ना हो। इसके मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए धारा-163 लागू की गई है।

# एजेंडा पहुंचा लेट इसलिए निगम की बैठक हो गई अनिश्चितकाल के लिए पोस्टपोंड

### आज होनी थी नगर निगम में बोर्ड बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 17 फरवरी दिन सोमवार को नगर निगम के सभागार में होने वाली नगर निगम बोर्ड की बैठक एक बार फिर लंबे समय के लिए होल्ड हो गई है।

बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम पार्षदों को एजेंडा मिला। नियमानुसार एजेंडा लगभग 72 घंटे पहले मिलना चाहिए जबकि यह 48 घंटे पहले ही मिला था, जिसकी वजह से सोमवार को होने वाली नगर निगम की बोर्ड बैठक को होल्ड कर दिया गया है। यह बैठक दोबारा कब होगी, इसकी अभी घोषणा नहीं की गई है।

इस बैठक के होल्ड होने की वजह से तमाम तरीके के एजेंडें, विकास कार्ये और महत्वपूर्ण विषय भी रुक जाएंगे। सोमवार को होने वाली नगर निगम बोर्ड बैठक में जहां पुनः निरीक्षित बजट द्वितीय वर्ष 2024-25 पर चर्चा होनी थी। तो वहीं महापौर सुनीता दयाल द्वारा तमाम विषयों पर भी मंत्रणा करवाई जानी थी।

## दर्जनों एजेंडों पर नगर निगम की बैठक में होनी थी चर्चा

### पैठ बाजार, मैरिज होम्स, अवैध विज्ञापन सहित कई मुद्दों पर होनी थी चर्चा

करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम में जो बोर्ड बैठक होनी थी, उसे लंबे समय के लिए होल्ड कर दिया गया है। अब दोबारा नगर निगम बोर्ड बैठक के लिए तिथि तय होगी और फिर उसकी सूचना दी जाएगी। महापौर द्वारा जिन विषयों पर चर्चा कराई जानी थी, उसमें सड़क पर लगने वाले खोखे, ठेली, पटरी को व्यवस्थित करने हेतु वेंडिंग जोन का निर्माण के लिए पॉलिसी तय करनी थी। साथ ही साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने के लिए पॉलिसी लानी थी। वहीं नगर निगम की दुकानों कियोस्क के मालिकाना हक के प्रस्ताव पर विचार होना था। इसके साथ ही डूडाहेड़ा में रिक्त भूमि पर निगम की आय बढ़ाने के लिए व्यावसायिक परिसर में मैरिज होम, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, रेस्टोरेंट और स्विमिंग पूल आदि के निर्माण का प्रस्ताव आना था। वहीं गाजियाबाद नगर निगम की ऐसी संपत्ति जिनको शादी ब्याह व अन्य कार्यक्रमों के लिए आरक्षित किया जाता है, उनपर नीतिगत निर्णय और उनकी बुकिंग व धनराशि जमा करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत का प्रावधान लाना था। तो वहीं नगर निगम सीमाअंतर्गत विशेष रूप से घरों की छत पर रूफटॉप पर जो अवैध विज्ञापन और होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं, उसपर पॉलिसी तय होनी थी। नगर निगम सीमा अंतर्गत सड़क किनारे सार्वजनिक स्थलों पर बिल्डिंग मटेरियल क्रय करने वाले सड़क पर अतिक्रमण करते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है, इस विषय पर भी महत्वपूर्ण निर्णय होने थे। वहीं नगर निगम में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर्स की सैलरी पर विचार होना था। इसके साथ ही शहर के कई तमाम विकास और प्रगति वाले प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाने थे।



### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर से शिफ्ट होनी थीं 45 दुकानों पर होना था विचार

करंट क्राइम : नगर निगम की बोर्ड बैठक होती तो इसमें जस्सीपुरा मोड़ से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को जाने वाली सड़क पर स्थित दुकानों को तोड़कर सड़क का चौड़ीकारण किए जाने एवं तोड़ी गई दुकानों को नए बस अड्डे के पास एबीसी सेंटर के सामने विस्थापित की जाना था। इस भूमि पर लगभग 45 दुकानों को निर्मित किया जाना है, यह प्रस्ताव भी सदन में रखा जाना था। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर सीट पर हुए उपचुनाव में मंच से घोषणा की थी कि बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर का कॉरिडोर बनेगा। इसके लिए शहर विधायक संजीव शर्मा और गाजियाबाद के वर्तमान सांसद अतुल गर्ग भी लगातार प्रयासरत हैं।

**बोर्ड बैठक होती तो इसमें जस्सीपुरा मोड़ से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण किए जाने पर होनी था विचार विमर्श**

### पार्किंग शुल्क वसूलने की नई दरें भी होनी थी तय

करंट क्राइम : नगर निगम की बैठक होती तो सदन में श्रेणी ए ,श्रेणी बी और भी कई अन्य श्रेणी में पार्किंग शुल्क वसूलने की दरें तय होनी थी। इसमें पार्किंग शुल्क प्रति घंटे के हिसाब से प्रतिदिन और प्रतिमाह के पास भी बनाने का प्रावधान रखा जाना था। इसके साथ ही चार पहिया, दो पहिया, तीन पहिया वाहनों का भी अलग शुल्क और व्यावसायिक वाहनों का अलग शुल्क निर्धारित करने की प्लानिंग सदन में रखी जानी थी।

### पूर्व मंत्री के स्कूल में नहीं पहुंचती कूड़े वाली गाड़ी

करंट क्राइम : नगर निगम शहरभर में कूड़े सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का दावा कर रहा है। तो वहीं नगर निगम को महर्षि दयानंद विद्यापीठ गोविंदपुरम गाजियाबाद के द्वारा प्रार्थना प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया है कि वहां पर कूड़ा उठाने के लिए कोई नहीं जाता है। ना ही कूड़े की कोई गाड़ी कूड़ा व्यवस्था के लिए पहुंच रही है। बता दें महर्षि दयानंद विद्यापीठ गोविंदपुरम उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री और लंबे समय तक कई कार्यकाल में विधायक रहे बालेश्वर त्यागी का शैक्षिक संस्थान है।

### बैठक में तय होना था लोकल वेंडर्स का प्लेस व रेट

करंट क्राइम :नगर निगम गाजियाबाद सीमा अंतर्गत फेरी, पटरी और साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाला मामला इन दिनों गर्माया हुआ है। इसको लेकर भी पूरी रणनीति और रेट तय होने थे। जिसमें रजिस्ट्रेशन शुरू रजिस्ट्रेशन आधार कार्ड के जरिए होता। इसमें प्रति रजिस्ट्रेशन 200 रुपये प्रति व्यक्ति, ठेली लगाने के लिए वेंडिंग शुल्क अधिकतम 8 घंटे के लिए 600 रुपये प्रतिमाह और 7200 प्रतिवर्ष। वहीं चलित ठेला निर्धारित वेंडिंग शुल्क अधिकतम 8 घंटे 300 रुपये प्रतिमाह और 3600 प्रतिवर्ष। इसके साथ ही समस्त पैठ विक्रेताओं को पहचान पत्र भी दिए जाएंगे, जिसका शुल्क लगभग 40 रुपये नगर निगम द्वारा तय किया गया है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम की लीज का भी उठता विषय

करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम के सभागार में जो बैठक होनी थी, उसमें नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ओडीटोरियम को 15 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक किराए पद्धति पर संचालित करने के लिए लीज पर देने का जो प्रोजेक्ट था, उसपर भी चर्चा होनी थी लेकिन बोर्ड बैठक न होने की वजह से फिर यह विषय लंबे समय के लिए अटकता हुआ नजर आ रहा है।

**बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम पार्षदों को एजेंडा मिला। नियमानुसार एजेंडा लगभग 72 घंटे पहले मिलना चाहिए जबकि यह 48 घंटे पहले ही मिला था, जिसकी वजह से सोमवार को होने वाली नगर निगम की बोर्ड बैठक को होल्ड कर दिया गया है।**

### दर्जनों विकास कार्यों की योजनाओं पर फिर लगा ब्रेक

करंट क्राइम : नगर निगम की बैठक होती तो उसमें शहर के विकास और अन्य योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए मोहर लगती। उनपर चर्चा होती लेकिन निगम की बैठक फिर लंबे समय के लिए टल गई बताई जा रही है। अब बैठक कब होगी तब तक के लिए इन तमाम विकार्यों की योजनाओं पर ब्रेक लग गया है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की दर्दनाक मौत

## पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू, रक्षामंत्री मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने घटना पर दुख जताया








### घटना के उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी

**नई दिल्ली।** प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भारी भीड़ के चलते भगदड़ में अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी। वहीं रेलवे ने घटना के बाद मुआवजे का एलान कर दिया है। इस घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी समेत केजरीवाल ने शोक जयाता है।

रेलवे ने इस घटना के उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। रेलवे और दिल्ली पुलिस ने स्टेशन पर हालात को नियंत्रण में कर लिया है।सूत्रों के मुताबिक, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मौतों की पुष्टि की है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।



**स्टेशन पर भगदड़ की वजह आई सामने :** वहीं, अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म 14 और 15 पर प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने वालों की भीड़ उमड़ गई। ट्रेन पकड़ने की अफरा तफरी में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। रेलवे के पुलिस उपायुक्त ने कहा कि शनिवार रात करीब 9:55 बजे प्लेटफॉर्म 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी थी, जिसे पकड़ने के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच गए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस विलंब थी। इन दोनों ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफॉर्म 12, 13 और 14 पर मौजूद थे।

डीसीपी ने बताया कि सीएमआई के अनुसार स्टेशन पर हर घंटे 1,500 जनरल टिकटों की भी बिक्री हुई और ये यात्री भी प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए। इसके चलते प्लेटफॉर्म 14 और प्लेटफॉर्म 16 पर एस्कलेटर के पास भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि बचाव कार्य में मदद के लिए अधिकारियों ने तुरंत मौके पर बचाव दल और दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया।

**ट्रेन की घोषणा से भगदड़ : प्रत्यक्षदर्शी** – एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहां कोई नहीं था। इसी दौरान रेलवे की तरफ से घोषणा कर दी गई कि 12 नंबर प्लेटफॉर्म पर आने वाली ट्रेन 16 नंबर पर आ रही है।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ के पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान

## मृतकों के परिजन को 10 लाख, घायलों को 2.5 लाख

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को भगदड़ मच गई। जिससे 18 लोगों की जान चली गई। वहीं, कई लोग घायल हो गए। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली के उपराज्यपाल व विपक्ष के कई नेताओं ने दुख जताया है। इसी बीच हादसे के शिकार पीड़ितों के लिए सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। जिसके अनुसार मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5 लाख और मामूली रूप से घायल लोगों को 1.0 लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

#### प्रशासन ने जारी की मृतकों की लिस्ट

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के शिकार लोगों की प्रशासन द्वारा लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार मृतकों की पहचान आहा देवी (79 वर्ष) पत्नी रविन्दी नाथ निवासी बक्सर, पूनम देवी (40 वर्ष) पत्नी मेघनाथ निवासी सारण, ललिता देवी (35 वर्ष) पत्नी संतोष निवासी परना, सुरुचि पुत्री (11 वर्ष) मनोज शाह निवासी मुजफ्फरपुर, कृष्णा देवी (40 वर्ष) पत्नी विजय शाह निवासी समस्तीपुर, विजय साह (15 वर्ष) पुत्र राम सरूप साह निवासी समस्तीपुर, नीरज (12 वर्ष) पुत्र इंद्रजीत पासवान निवासी वैशाली, शांति देवी (40 वर्ष) पत्नी राज कुमार मांझी निवासी नवादा, पूजा कुमार (8 वर्ष) पुत्री राज कुमार मांझी निवासी नवादा। ये सभी लोग बिहार के रहने वाले हैं।

इसके अलावा हादसे में दिल्ली के 8 लोगों की भी मौत हुई है। जिनमें पिंकी देवी (41 वर्ष) पत्नी उपेन्द्र शर्मा निवासी संगम विहार, शीला देवी (50 वर्ष) पत्नी उमेश गिरी निवासी सरिता विहार, व्योम (25 वर्ष) पुत्र धर्मवीर निवासी बवाना, पूनम (34 वर्ष) पत्नी वीरेंद्र सिंह निवासी महावीर एन्क्लेव, ममता झा (40 वर्ष) पत्नी विपिन झा निवासी नांगलोई, रिया सिंह (7 वर्ष) पुत्री ओपिल सिंह निवासी सागरपुर, बेबी कुमारी (24 वर्ष) पुत्री प्रभु साह निवासी बिजवासन, मनोज (47 वर्ष) पुत्र पंचदेव कुशवाह निवासी नांगलोई। ये सभी लोग दिल्ली के रहने वाले साथ थे। जबकि एक अन्य की पहचान संगीता मलिक (34 वर्ष) पत्नी मोहित मलिक निवासी भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है।



#### घटना के बाद रेलवे का आया बयान

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि भारी भीड़ के कारण कुछ यात्रियों ने एक-दूसरे को धक्का दे दिया, जिससे कुछ यात्रियों को चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहीं, सोशल मीडिया पोस्ट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कहा कि स्टेशन पर हालात नियंत्रण में हैं।

### हादसे पर जताया दुख



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में लोगों की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल सभी लोग शीघ्र स्वस्थ हों। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दुखद खबर। रेलवे प्लेटफॉर्म पर भगदड़ के कारण हुई मौतों से मैं बेहद दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और भगदड़ के कारण जान-माल के नुकसान और घायल होने की दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना हुई है। इस त्रासदी के पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

एलजी वीके सक्सेना

## प्रयागराज में रविवार को लगा भीषण जाम, जिले की सीमाओं पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार





### नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम

**प्रयागराज।** महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते प्रयागराज जनपद में प्रवेश करने वाले सभी सीमाओं पर रविवार को भीषण जाम लग गया। दूसरे जनपद से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोक देने के कारण नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में कई घंटे तक वाहन रेंगने के कारण उसमें सवार लोगों की हालत खस्त हो गई है।

रविवार को शहर में कमोबेश जाम की स्थिति कम रही, लेकिन शहर में घुसने वाले मार्गों पर जाम की स्थिति भयावह है। कहने के लिए मेले को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, लेकिन रविवार को स्थिति यह रही कि जवाहर जीटी चौराहे से मेले की ओर से धड़ल्ले से वाहन प्रवेश कर रहे थे ओर यहां पर कोई रोक टोक नहीं था। त्रिवेणी मार्ग, काली रोड और नवल राय रोड पर धड़ल्ले से दो पहिया वाहन चल रहे हैं। लोगों को 20 से 30 किलोमीट पैदल यात्रा कर संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

नवाबगंज नो इंट्री पर भयंकर जाम मलाक हरहर से फाफामऊ के बीच सड़क पर भयंकर जाम से नवाबगंज से सोरांव तरफ गाड़ियों को मोड़ दिया गया। पुलिस ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बाहर से आने वाले यात्रियों को सोरांव टोल से प्रवेश करने के लिए सचेत करते हुए दिखाई दी।

**कोखराज में हाईवे व रोही बाईपास पर दूसरे दिन भी लगा जाम :** कौशाम्बी में महाकुंभ में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण शनिवार से ही कोखराज हाईवे व रोही बाईपास पर पांच किमी तक लगा वाहनों का लंबा जाम दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। यातायात सामान्य करने के लिए पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान लगे रहे।

महाकुंभ नगर। वीकेंड को देखते हुए मेले में शनिवार से दो दिनों के लिए नो व्हीकल जोन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके तहत संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रशासकीय और चिकित्सीय वाहनों को छोड़कर अन्य किसी भी तरह के वाहन पर रोक रहेगी।

## महाकुंभ के चलते प्रयागराज जंक्शन पर श्रद्धालुओं की भीड़

### परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लगाई आस्था की डुबकी

#### पुलिस आयुक्त और मण्डलायुक्त ने किया दौरा

**प्रयागराज।** प्रयागराज से रात 12 बजे तक 127 स्पेशल ट्रेन चल चुकी है। शहर के सभी रेलवे स्टेशनों पर स्थिति सामान्य है। रात 12:00 के बाद भी चार और स्पेशल अब तक चलाई जा चुकी है। उसमें से दो प्रयागराज जंक्शन से, एक प्रयागराज छिवकी और एक नैनी से चली है। उत्तर मध्य रेलवे के सीनियर पीआरओ डॉक्टर अमित मालवीय का कहना है कि किसी भी तरह का रेल संचालन बाधित नहीं है। ट्रेनों का मूवमेंट हो रहा है। स्पेशल ट्रेनों को प्राथमिकता के आधार पर ऑन डिमांड चलाया जा रहा है। रूटीन की भी सभी ट्रेने चल रही है। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ है।

महाकुंभ 2025 में पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा और मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत ने श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने प्रमुख मार्गो, चौराहों और प्रमुख स्थानों का भ्रमण भी किया।





**केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लगाई आस्था की डुबकी :** त्रिवेणी संगम की पावन धरती पर महाकुंभ 2025 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने श्रद्धा और आस्था के साथ स्नान किया। उन्होंने इसे सनातन सभ्यता, संस्कृति और शाश्वत परंपराओं की जीवंतता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की दिव्य धाराओं में स्नान कर आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है।

> राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है। प्रशासन और पुलिस ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। हजारों श्रद्धालु सड़क मार्ग से भी यात्रा कर रहे हैं। हम सभी की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।
>
> नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लगाई संगम में लगाई पवित्र डुबकी :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है। प्रशासन और पुलिस ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है । हजारों श्रद्धालु सड़क मार्ग से भी यात्रा कर रहे हैं। हम सभी की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने जलवायु सम्मेलन का किया शुभारंभ, बोले-

## प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को ज्यादा से ज्यादा हराभरा बनाएं : योगी आदित्यनाथ

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा।

उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुंभ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



#### जलवायु परिवर्तन के कारण सूख रहीं नदियां

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि 13 जनवरी से लेकर 16 फरवरी के बीच 52 करोड़ श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

## छह लेन का बनेगा एनएच-58

### नितिन गडकरी ने दी मंजूरी

**मेरठ।** मेरठ से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 को छह लेन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसे छह लेन बनाने के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जा रही है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद अरुण गोविल को पत्र लिखकर दी है। इसके साथ ही एनएच-58 पर घाट रोड व भोला रोड पर ओवरब्रिज को भी केंद्रीय मंत्री ने मंजूरी दे दी।



एनएच-58 पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए मेरठ के तत्कालीन सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से एलिवेटिड रोड बनाने, घाट रोड व भोला रोड पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-58 पर एलिवेडिट रोड बनाने या इसे छह लेन विस्तार करने का संभावनाओं को टटोलना शुरू कर दिया है।

अरुण गोविल के मीडिया प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि सांसद ने भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एनएच-58 को छह लेन बनाने और भोला रोड व घाट रोड पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी।

अब केंद्रीय मंत्री ने सांसद को पत्र लिखकर बताया है कि एनएच-58 को छह लेन के निर्माण के लिए डीपीआर का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही भाजपा सांसद के प्रस्ताव पर भोला रोड व घाट रोड पर ओवरब्रिज निर्माण की सीधी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## दिल्ली हादसे के बाद रेलवे का दम फूला

### एमपी के स्टेशनों पर भी हलचल, इंदौर, कटनी और रीवा स्टेशन पर प्रशासन अलर्ट

**भोपाल।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने वालों की भीड़ थमने का नाम ही नहीं ले रहे है। एमपी के कटनी जंक्शन जो काफी व्यस्ततम स्टेशनों में शुमार है। यहां से प्रतिदिन 1 लाख की भीड़ कटनी स्टेशन से होकर महाकुंभ पहुंच रही है। रेल प्रशासन इसके लिए कई स्पेशल ट्रेनें भी चला है, हालांकि दिल्ली स्टेशन में हुए हादसे के बाद कटनी स्टेशन में भी सुरक्षा बलों की संख्या एवं व्यवस्थाएं बढ़ा दी गई है।

हालांकि इस व्यवस्था से महाकुंभ श्रद्धालु कितने संतुष्ट है, इस पर लोगों ने बताया कि भीड़ ज्यादा और ट्रेन कम होने से अफरा तफरी बनी रहती है। ट्रेनों को बढ़ाया जाए, क्योंकि भीड़ ज्यादा होने से हम लोगों को सीट नहीं मिली, इसलिए हम सभी जमीन पर बैठे हुए है।

दिल्ली हादसे में हुई मौत के बाद कटनी स्टेशन का निरीक्षण करने जबलपुर कमांडेंड सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी यहां पहुंचकर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश देते हुए मीडिया से बातचीत में बताया कि दिल्ली स्टेशन में हुआ हादसा बहुत दर्दनाक था।

ऐसा कटनी जिले में न हो इसके लिए हम सभी मुस्तैदी से लगे हुए हैं। क्योंकि कटनी 3 प्रमुख स्टेशन शामिल हैं, जहां अलग-अलग राज्यों से पहुंचने वाले श्रद्धालु प्रयागराज जा रहे है। महाकुंभ शुरू होने के बाद से कटनी जंक्शन से भीड़ बढ़ी है जिसे देखते हुए हमारे द्वारा स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई और घटाई जाती है।

#### सतना जंक्शन में उमड़ा यात्रियों का सैलाब




शाही एवं अमृत स्नान हो जाने के बाद भी प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओ की भीड़ कम नही हो रही। सतना जंक्शन में शनिवार की शाम कुंभ यात्रियों का सैलाब नजर आया। रीवा-आनंद विहार ट्रेन आने के समय प्लेटफार्म से ले कर पटरियों तक श्रद्धालुओं का हुजूम था। ट्रेन आने पर आलरेडी रीवा से पैक आई। बोगियों में घुसने के लिए यात्रियों को जमकर जद्दोजहद करनी पड़ी। आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान रेलवे प्रशासन भी भीड़ देखकर बेबस नजर आया।




# इस प्यार को भगवा गढ़ में क्या दिया जाए नाम

## एक ही दिन में हुए सांसद और विधायक के एक साथ तीन विधानसभा में प्रोग्राम

शहर विधानसभा



मुरादनगर विधानसभा



साहिबाबाद विधानसभा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सुर्खियों में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा की जोड़ी और उनकी ट्यूनिंग रहती है। लोकसभा की पिच पर सांसद अतुल गर्ग और विधानसभा की पिच पर संजीव शर्मा फ्रंटफुट पर बैटिंग कर रहे हैं। संजीव शर्मा शहर विधायक हैं और नदिया पार से लाइनपार में शिफ्ट हो चुके हैं। उनकी सरकार है और सुबह ही उनके घर पर जनता दरबार लगता है। एक ऐसे विधायक के रूप में सामने आए हैं जो तहसील दिवस में बैठकर क्षेत्र के लोगो ं का मनोबल बढ़ता है। उनके हाथ से आवेदन लेकर अधिकारी की तरफ बढ़ता है। एक ऐसा विधायक जो जनता को ये विश्वास दिलाता है कि मैं बैठा हूं, तुम निर्भीक होकर अपनी बात कहो। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं। विकास की बड़ी पारी खेल रहे हैं। बड़ी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और एक संदेश वो लोकसभा में दे रहे हैं कि यहां लोकसभा सांसद को हमेशा ही बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वो राष्ट्रपति के साथ शासकीय विदेश यात्रा पर जाते हैं। वो राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हैं और दिल्ली प्रदेश में विधानसभा चुनावों के बाद तो वो सहप्रभारी के रूप में छा गए हैं। उन्होंने ऐसी पारी खेली है कि मैच का नतीजा ही बदल दिया। लोकसभा की बात करें तो वो लोनी के हाईवे को लेकर पत्राचार कर रहे हैं। वो एक मार्च को अपने साथ 60 भाजपाइयों को लेकर हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिये उड़ान भरने जा रहे हैं।

दोनों की ट्यूनिंग ऐसी है कि जब शहर विधानसभा में सेना की जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करानी थी तो केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा एकसाथ पहुंचे। अगर गाजियाबाद के सियासी इतिहास पर नजर डाले तो पता चलता है कि दोनों ही एक-दूसरे के लिये डेडीकेट होते हैं और कई घटनाक्रम से ये किस्से इंडीकेट होते हैं। जब अतुल गर्ग विधानसभा चुनाव लड़े तब भी और जब अतुल गर्ग लोकसभा चुनाव लड़े तब भी संजीव शर्मा ने महानगर अध्यक्ष के रूप में जबर्दस्त भूमिका निभाई। सफल कार्यक्रम आयोजित किये। चुनाव की रणनीति को संभाला। इसके बाद अतुल गर्ग ने भी उन्हें रिटर्न गिफ्ट दिया और पूरी शिद्दत से मुहोब्बत को निभाया। संजीव शर्मा का टिकट अतुल गर्ग ने कराया। आज संजीव शर्मा उस विधानसभा के विधायक हैं जो विधानसभा कभी अतुल गर्ग की थी और अतुल गर्ग उस लोकसभा से सांसद हैं जहां कभी जनरल वीके सिंह सांसद थे और संजीव शर्मा उनके सांसद प्रतिनिधि हुआ करते थे। राजनीति में समय बदलता है और अब ये समय ऐसा बदला है कि भले ही अब पांचों विधायक एकसाथ हों या ना हों पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा की ट्यूनिंग जबर्दस्त चल रही है। अब इस अर्ली मॉर्निंग के प्यार को क्या नाम दिया जाए। क्योंकि अर्ली मॉर्निंग की चाय के लिये अर्ली मॉर्निंग उठना होगा, अर्ली मॉर्निंग पहुंचना होगा और प्यार का एहसास दिखाई भी देगा। बात केवल चाय की नहीं है और चाय के पीछे एक बड़ा संदेश दोनों ने दिया है। जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा ने तीन विधानसभाओं में एकसाथ तीन प्रोग्राम किये। वो सुबह चाय की चुस्की लेते हुए गांधीनगर में मौजूद थे। इसके बाद वो मुरादनगर विधानसभा में सेंट्रल पार्क में आरडब्ल्यूए के साथ मौजूद थे। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी थे और शहर विधायक संजीव शर्मा भी थे। यहां पार्षद भी मौजूद थे और फिर वो विधानसभा आई जो इन दिनों सुर्खियों में है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा साहिबाबाद विधानसभा में पहुंचे। यहां एक कार्यक्रम आयोजित था। सामाजिक समाधान शक्ति संस्था के जरिये ये प्रोग्राम संजीव शर्मा के परम मित्र पप्पू पहलवान ने आयोजित किया था। मंच बता रहा था कि प्रोग्राम किनके लिये है और यहां जिस चेहरे के दीदार मंच पर नहीं हुए वो किरदार कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का था। साहिबाबाद विधानसभा उनकी विधानसभा है। वो इस कार्यक्रम में भी नहीं दिखाई दिये और मंच पर बैकड्रॉप पर बड़ा फोटो सांसद अतुल गर्ग का था, विधायक संजीव शर्मा का था। एक दिन में तीन प्रोग्राम के साथ एक संदेश दिया गया है। ये सियासी जॉइंट वेंचर का संदेश है। ये पावर सेंटरों के बीच होने वाली अगली जंग का संदेश है।

### लोकसभा की सारी विधानसभा अतुल की और तीन विधानसभाएं अभी हैं संजीव के पास

**करंट क्राइम।** जब एक दिन में तीन वाला सीन हुआ तो सियासी गलियारों में चर्चा का मौसम हसीन हुआ। कहने वालों ने यही कहा कि लोकसभा सांसद तो किसी भी विधानसभा में जा सकते हैं। लोनी उनकी, साहिबाबाद उनकी, मुरादनगर उनकी, शहर विधानसभा उनकी और धौलाना आंशिक भी उन्हीं की है और बात जब संजीव शर्मा की आई तो यहां कहने वालों ने कह दिया कि भले ही वो शहर विधायक हैं लेकिन अभी वो महानगर अध्यक्ष हैं। महानगर अध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई, यह दायित्व उन्हीं के पास है। अभी कोई नया इस पद पर आया नहीं है। लिहाजा साहिबाबाद विधानसभा, मुरादनगर विधानसभा और शहर विधानसभा में संजीव शर्मा ही संगठन का चेहरा है। ये उनके कार्यक्षेत्र में आता है। इसलिए वो इन विधानसभाओं में जा सकते है।

# क्यों लगता था लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को महामंत्री पप्पू पहवान से डर

## बाद में कहा, उनका व्यवहार देखकर मेरी गलतफहमी हो गई दूर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को अगर मंच और माइक मिल जाए तो फिर उनके शब्दों के स्पाइस और लहजे का पंच सबको गुदगुदाता है। अतुल गर्ग की ये खूबी है वो कभी भी मंच पर किसी को लेकर तंज नहीं कसते। उनका लहजा ऐसा है कि वो हास्य परिहास के साथ कभी किसी को फ्लेशबैक में ले जाते हैं, कभी वो अपने अंदाज में बातों ही बातों में ये जता देते हैं कि संबंध कितने पुराने हैं और सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो अपने लहजे से सभी को हंसा देते हैं।

एक बार फिर ऐसा हुआ जब एक सामाजिक कार्यक्रम में अतुल गर्ग को मंच पर बुलाया गया और माइक उनके हाथ में आया। यहां कार्यक्रम सामजिक संस्था का था और अतुल गर्ग ने सीन में पप्पू पहलवान को ले लिया। दरअसल ये कार्यक्रम दिल्ली चुनाव की जीत के बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के अभिनंदन का था। अतुल गर्ग दिल्ली चुनाव में प्रदेश सहप्रभारी बनाए गए, दिल्ली चुनाव में भाजपा जीती और गाजियाबाद का नाम भी चुनावी योद्धाओं वाली टीम में आया। अतुल गर्ग ने अभिनंदन कार्यक्रम में जब माइक थामा तो अपने ही अंदाज ए बयां के साथ वो आ गए और उनकी तारीफ वाली शब्द मिसाइल के सामने पप्पू पहलवान आ गए। सबसे पहले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सबको बताया कि पप्पू पहलवान और मेरा परिचय वर्ष 2007 में हुआ। उन्होंने कहा कि पता नहीं क्यों और कैसे मैं पप्पू पहवान को बहुत दबंग समझा था। मैं ये मानता था कि यह बहुत दबंग किस्म के व्यक्ति होंगे। तब मुझे संजीव शर्मा सॉफ्ट लगते थे और पप्पू पहलवान से मुझे डर लगता था। मैं ये समझ ही नहीं पाता था कि इसकी वजह क्या है। लेकिन जैसे-जैसे हम लोग नजदीक आए तो मुझे महसूस हुआ कि पप्पू पहलवान नाम का व्यक्ति तो बहुत ही मुलायम है। मैं जैसे-जैसे नजदीक आता गया मेरा विचार पप्पू पहलवान को लेकर परिवर्तित होता चला गया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पप्पू पहलवान को बहुत मुलायम भी बताया और कहा कि इनके दिल में एक मां का दिल बसता है।

### रिसर्च का तो पता नहीं, पर अनुमान है कि पार्षद पत्नी का हो सकता है प्रभाव

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सबसे बड़ी विधानसभा में मंच पर अपने शब्दों के पंच से सबको गुदगुदा रहे थे। वो कभी पप्पू पहलवान को दबंग बता रहे थे तो कभी बहुत ही मुलायम बता रहे थे। उन्होंने पप्पू पहलवान में एक मां का दिल बता दिया और बात यहीं तक समाप्त नहीं हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एक व्यक्ति का इतना सॉफ्ट होना सभी के प्रति इतना सहयोगी होना इसका क्या कारण हो सकता है। सांसद ने कहा कि रिसर्च से तो पता नहीं चला, लेकिन बिना रिसर्च के मेरा ये अनुमान है कि हो सकता है कि इन पर पार्षद पत्नी का प्रभाव हो। हो सकता है इन्होंने ऐसा माना हो कि जब पत्नी से ही डरना है तो फिर सबके लिये डर कायम कर लें। सबके लिये सहयोग की भावना रख लें।

### आंखे तरस गई है संजीव-पप्पू जैसी जोड़ी देखने को

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने विधायक रहते हुए महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के जन्मदिन पर उन्हें अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया था। अब हालात अलग हैं। अब अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और संजीव शर्मा शहर विधायक हैं। मगर यहां अतुल गर्ग ने संजीव शर्मा और पप्पू पहलवान की दोस्ती की मिसाल दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संजीव शर्मा और पप्पू पहलवान की दोस्ती है, यह बहुत कम देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि आंखे तरस गई हैं ऐसी जोड़ी देखने के लिये, जैसी जोड़ी संजीव शर्मा व पप्पू पहलवान की है। अतुल गर्ग ने अपने अभिनंदन वाले मंच से जमकर अपने शब्दों से पप्पू पहलवान और संजीव शर्मा का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ये जोड़ी हमेशा बनी रहे इसे नजर ना लगे। दोस्ती की इस मिसाल को लेकर वो अपने कॉलेज के दिनों के फ्लेशबैक में चले गए। उन्होंने कहा कि हमारी भी उस जमाने में कई दोस्ती होती थी, कई दोस्त हुआ करते थे, लेकिन जैसी दोस्ती संजीव शर्मा और पप्पू पहलवान की है ये अपने आप में एक बड़ी मिसाल है।

# एमएलसी दिनेश गोयल ने जब विधानसभा परिषद में उठाई आवाज और पूछा क्या है रूल

## जीडीए ने दिया जवाब, तय है रेट और अधिक राशि नहीं सकते वसूल




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सामुदायिक भवनों ने जीडीए ने लीज पर दे दिया और लीज पर लेने वाले व्यक्तियों ने इन सामुदायिक भवनों की रूपरेखा को बदला लेकिन इसके साथ ही शुल्क में कई गुणा बढ़ोत्तरी हो गई। विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल ने इस मामले को विधानसभा में 11 अगस्त 2023 को उठाया था। उसके बाद नगर निगम और जीडीए के सभी सामुदायिक भवनों को लेकर जवाब आ गया है। 9 फरवरी को जीडीए सचिव ने लखनऊ में आवास तथा शहरी नियोजन अनुभाग 9 के अनुसचिव को जवाब भेज दिया है। 12 फरवरी को विधानपरिषद की वीनियमन समीक्षा समिति की बैठक होनी थी और 9 फरवरी को ये जवाब भेजा गया। इस जवाब के बाद ये तय हो गया कि सामुदायिक भवन नियम से इतर जाकर वसूली कर रहे हैं।

### 12 घंटे से कम की बुकिंक के 16 हजार रूपए हैं फिक्स इससे ज्यादा नहीं हो सकती वसूली



**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल के विधान परिषद में नियम 115 के अंतर्गत सूचना मांगे जाने के बाद उसकी आख्या आ गई है। इसमें बताया गया है कि जीडीए और नगर निगम ने जनसुविधाओं के लिये कविनगर, गोविंदपुरम, गुलधर, नेहरूनगर आदि जगहों पर सामुदयिक केंद्र स्थापित किये गये थे। जिनका मुख्य रूप से उद्देश्य यही था कि आम जनमानस को कम धनराशि पर यह आवंटित किये जाएं। लेकिन इन सामुदायिक केंद्रों को जीडीए तथा नगर निगम ने रख-रखाव हेतु टेंटहाउस तथा प्राइवेट संस्थाओं को दे दिया। टेंट हाउस और प्राइवेट संस्थाओं ने इन सामुदायिक केंद्रों को अत्ययंत सुसज्जित एवं भव्य बना दिया। जिस कारण इन सामुदायिक केंद्रों से आमजन से ऊंचे दर पर वसूली जा रही है। सामुदायिक केंद्रों को बनाए जाने का लक्ष्य यही था कि यह कम दरों पर आमजन को उनकी सुविधा के फलस्वरूप उपलब्ध हो। अब जो आख्या दी गई है उसमें बताया गया है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन उपाध्यक्ष के आदेश पर सामुदायिक केंद्रों को लीज के आधार पर नीलामी के माध्यम से दस वर्ष की अवधि के संचालन हेतु दिये जाने के संबंध में नीलामी समिति गठित की गई थी। ब्रोसर की नियम और शर्तें अनुमोदित करते हुए नीलामी के माध्यम से उच्चतम बोलीदाता के पक्ष में संचालन हेतु दिया गया था। किंतु इन पर प्रतिबंध भी दिये गये थे। जिसमें कहा गया था कि निर्धारित दरों से अधिक दर पर बुकिंग नहीं की जाएगी। सामुदायिक केंद्रों हेतु अधिकतम आरक्षित मूल्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित तालिका के अनुसार होगा। निर्धारित दरों से कम दर पर बुकिंग करने पर प्राधिकरण की ओर से कोई प्रतिबंध नहीं होगा। लेकिन यदि शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो प्राधिकरण को यह अनुबंध एमओयू को निरस्त करने का अधिकार होगा। इसमें यह भी कहा गया था कि 12 घंटे से कम की बुकिंग पर 15 हजार रुपए तथा एक हजार रुपए सफाई चार्ज के साथ 16 हजार रुपए प्रति बुकिंग निर्धारित है। इससे अधिक दर पर बुकिंग नहीं की जाएगी।

### आरडब्ल्यूए की सिफारिश पर नागरिकों को दी जानी थी 20 प्रतिशत छूट

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल के सवाल के बाद सामुदायिक भवनों की वसूली का खेल सामने आ गया है। सदन में ये बताया गया है कि सामुदायिक केंद्र जिस भी कॉलोनी में स्थित है उन कॉलोनी के निवासियों को निवास प्रमाण पत्र, स्वामित्व प्रमाण पत्र अथवा आरडब्ल्यूए की अनुशंसा पर निर्धारित बुकिंग धनराशि 16 हजार में से बीस प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा कविनगर तथा स्वर्णजयंतीपुरम गोविंदपुरम योजना में लीज के आधार पर एमओयू के आधार पर दस वर्ष की अवधि के लिये संचालन का अधिकार दिया गया है और यहां 16 हजार रुपए सफाई चार्ज सहित रेट निर्धारित है।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिन के प्रवास के बाद श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज भगवान दूधेश्वर की सेवा में हाजिर हुए

## श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के आचार्यों, विद्यार्थियों, मंदिर के पुजारियों, स्वयंसेवकों व भक्तों ने महाराजश्री का स्वागत अभिनंदन किया



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिन के कल्पवास के बाद रविवार को ऐतिहासिक सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्यो, विद्यार्थियों, मंदिर के पुजारियों व स्वयंसेवकों के साथ बडी संख्या में मौजूद भक्तों ने महाराजश्री का स्वागत अभिनंदन कर उनसे आशीर्वाद लिया। महाराजश्री ने मंदिर पहुंचने पर भगवान दूधेश्वर की पूजा कर उनका अभिषेक किया। भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान सत्यनारायण, हुनमान भगवान, मांग दुर्गा समेत सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की व गुरू मुर्तियों की सिद्ध समाधियों को मत्था टेका। महाराजश्री मंदिर की गौशाला पहुंचे तो उन्हें देखते ही गौमाता प्रसन्न हो गई। उन्होंने गौमाता की सेवा की व उन्हें अपने हाथों से उन्हें भोजन कराया। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत किया। महाराजश्री ने सभी आचार्यो व प्रत्येक विद्यार्थी से मिलकर हालचाल जाना। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन के साथ अपने लक्ष्य को प्रापत करने का संदेश दिया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से प्रयागराज महाकुंभ में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग पर शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर लगाया गया था। शिविर 1 जनवरी से 12 फरवरी तक चला।

इस दौरान देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन शिविर में पहुचे और शिविर में पुजा-अर्चना कर महाराजश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन व महाराजश्री की अध्यक्षता में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर ने प्रयागराज महाकुंभ में नर सेवा नारायण सेवा की ऐसी मिसाल कायम की कि देश ही नहीं पूरे विश्व में उसकी सराहना हो रही है। शिविर में एक लाख जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। प्रतिदिन हजारों जरूरतमंदों के लिए चाय-नाश्ते से लेकर खाने की व्यवस्था की गई। स्वयं श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने उनकी सेवा की। महाराजश्री ने कहा कि नारायण का वास तो हर जीव व कण-कण में है। नर रूपी नारायण की सेवा करने से ही हमें नारायण की प्राप्ति हो सकती है। महाराजश्री को प्रयागरात महाकुंभ के बाद काशी प्रवास के लिए प्रस्थान करना था, मगर वे रविवार को पहले दूधेश्वर भगवान की सेवा में पहुंचे। महाराजश्री ने कहा कि भगवान दूधेश्वर की सेवा ही उनके जीवन का उददेश्य है। उनकी सेवा के बिना एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में भी उन्होंने भगवान दूधेश्वर के प्रतीक की नित्य सेवा की। 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व भी है। इसी के चलते भगवान दूधेश्वर की सेवा हेतु व महाशिवरात्रि पर्व के लिए व्यवस्था बनाने के लिए वे रविवार को श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। महाशिवरात्रि पर्व के बाद वे काशी के लिए रवाना होंगी और होली पर्व तक वहीं प्रवास कर पुनः भगवान दूधेश्वर की

## संपादकीय

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा

प्रधानमंत्री की इस बार की अमेरिका यात्रा कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है। जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला है, वे कई मामलों में काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। खासकर प्रवासियों और व्यापार संबंधों को लेकर। पदभार संभालने के साथ ही जिस तरह उन्होंने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों की पहली खेप बेड़ियों में जकड़ कर वापस भेज दी, उससे कई तरह की चिंताएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि प्रधानमंत्री इस बार राजकीय यात्रा पर नहीं गए थे, मगर डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ पूरी गरमजोशी दिखाई। इस मुलाकात में कई तरह के भ्रम भी दूर हुए। कुछ लोग कयास लगा रहे थे कि ट्रंप जिस तरह कुछ देशों के साथ व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क थोप रहे हैं और अमेरिकी हितों को तरजीह दे रहे हैं, उसमें भारत के साथ भी व्यापार प्रभावित हो सकता है। मगर ट्रंप ने इस कयास को साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि जो देश जितना शुल्क लगाएगा, अमेरिका भी उस पर उतना ही शुल्क लगाएगा, न कम न ज्यादा। इसका साथ ही उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले की तारीफ की कि उसने अनावश्यक शुल्क हटाना शुरू कर दिया है, जिससे भारतीय बाजार में अमेरिका की पहुंच कुछ और बढ़ेगी।

दोनों देशों ने प्रतिरक्षा, तेल-गैस, नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग, आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग और प्रतिरक्षा खरीद मामलों ने महत्त्वपूर्ण समझौते किए। अमेरिका भारत को एफ-35 युद्धक विमान बेचने का इच्छुक है। भारत ने इस पर सहमति दे दी है। हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, पर भारत मानता है कि इस विमान की खरीद से उसकी सामरिक शक्ति बढ़ेगी। अमेरिका ने भरोसा दिलाया है कि वह भारत की नागरिक परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा और हर सहयोग उपलब्ध कराएगा। वह भारत की तेल और गैस संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। दरअसल, भारत की चिंता कच्चे तेल की अधिक रहती है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष के बीच आपूर्ति शृंखला बाधित हुई, तो कच्चे तेल के मामले में भारत ने रूस से सहयोग लेना शुरू कर दिया। अब अमेरिका से इस क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, तो निश्चय ही उस पर दबाव कुछ कम होगा।

आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिका ने सकारात्मक रुख दिखाया है, उससे दोनों के रिश्ते और प्रगाढ़ हुए हैं। अवैध आप्रवासन को लेकर अमेरिका की चिंता पर भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है, बेशक उन्हें ससम्मान वापस भेजा जाए। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने उन मानव तस्करों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाने का वादा किया, जो भारत से लोगों को बरगला या बहला कर दूसरे देशों में ले जाते हैं। निश्चय ही यह अमेरिका के फैसले के प्रति सकारात्मक रुख है। सबसे अधिक चिंता व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता जताई जा रही थी।

# एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी से 21,272 करोड़ रुपये निकाले

## 2025 में कुल निकासी 1 लाख करोड़ के करीब



### डॉलर में कमजोरी आई तो दिख सकता है विदेशी निवेशकों के रुख में बदलाव

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार के अनुसार जब डॉलर सूचकांक नीचे जाएगा, तब एफपीआई की रणनीति में बदलाव दिख सकता है। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (14 फरवरी तक) अब तक भारतीय इक्विटी से 21,272 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से आयात पर शुल्क लगाये जाने के बाद बढ़े वैश्विक तनाव के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे निकालना जारी है। फरवरी महीने के पहले दो सप्ताह में ही एफपीआई ने 21,272 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं।

इससे पहले जनवरी महीने में एफपीआई की ओर से 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की गई थी। शेयर बाजार की डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अब तक एफपीआई की ओर से की गई कुल निकासी करीब 99,299 करोड़ रुपये यानी करीब 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर नये शुल्क लगाने और कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की योजना की घोषणा से वैश्विक स्तर पर बाजार की चिंताएं बढ़ गईं हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों से संभावित वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाएं फिर से बढ़ीं हैं। इससे के बाद, एफपीआई भारत सहित उभरते बाजारों में अपने निवेश का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित हुआ है। वाटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवार ने कहा, वैश्विक नीतियों में बदलाव, विशेष रूप से अमेरिका से जुड़े बदलाव, एफपीआई के बीच अनिश्चितता की भावना पैदा कर रहे हैं, जो बदले में भारत जैसे गतिशील बाजारों में उनकी निवेश रणनीतियों को नया आकार दे रहे हैं। कंपनियों की कम आय और रुपये में गिरावट से बाजार का आकर्षण प्रभावित

श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, कॉरपोरेट आय में कमी और भारतीय रुपए में लगातार गिरावट, जो कई वर्षों के निचले स्तर को छू गई है, ने भारतीय परिसंपत्तियों के आकर्षण को और घटा दिया है। दूसरी ओर, एफपीआई उक्त अवधि के दौरान ऋण बाजार में खरीदार रहे। घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का हालिया रुख उनकी सतर्क रणनीति का संकेत देती है। विदेशी निवेशकों 2024 में भारतीय इक्विटी में निवेश को 427 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी के साथ बढ़ाया था। हालांकि, 2024 में विदेशी निवेशकों की ओर से की गई शुद्ध खरीदारी का आंकड़ा, 2023 की 1.71 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी के विपरीत है।

2023 में भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे के प्रति बढ़ी उम्मीद के कारण विदेशी निवेशकों ने असाधारण खरीदारी की थी। वहीं, 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों की ओर से आक्रामक दर वृद्धि के बीच विदेशी निवेशकों ने 1.21 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

# खाद्य तेल की कीमतें एक साल में 39 फीसदी तक बढ़ीं

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मूंगफली तेल के दाम 14 फरवरी, 2024 को 190 रुपये लीटर थे, जो अब 192 रुपये लीटर के पार पहुंच गया है। सरसो तेल का दाम इसी दौरान 136 से 169 रुपये लीटर हो गया है। यानी 24 फीसदी की बढ़त हुई है। खाने वाले तेल की कीमतें एक बार फिर तेजी से बढ़ रही हैं। एक साल में इनके दाम 39 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अगर यही रुझान रहा तो पिछले तीन महीने से तेजी से घट रही खुदरा महंगाई दर फिर बेपटरी हो सकती है। इससे विकास को बढ़ावा देने और रेपो दर में कटौती की आरबीआई की योजना को भी झटका लग सकता है।



उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मूंगफली तेल के दाम 14 फरवरी, 2024 को 190 रुपये लीटर थे, जो अब 192 रुपये लीटर के पार पहुंच गया है। सरसो तेल का दाम इसी दौरान 136 से 169 रुपये लीटर हो गया है। यानी 24 फीसदी की बढ़त हुई है। वनस्पति तेल का भाव 21 प्रतिशत तेजी के साथ 151 रुपये लीटर हो गया है, जो एक साल पहले 125 रुपये लीटर बिक रहा था।

आंकड़े बताते हैं कि सोयातेल भी 19 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 122 से बढ़कर 145 रुपये लीटर पर पहुंच गया है। सूरजमुखी तेल 27 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 123 से बढ़कर 156 रुपये लीटर पर पहुंच गया है। सबसे अधिक 39 फीसदी की तेजी पाम तेल में आई है। एक साल पहले इसकी कीमत 99 रुपये लीटर थी, लेकिन अब यह 137 रुपये के पार हो गया है। पाम तेल का असर रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर पाम तेल महंगा होने से रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर पड़ता है। एफएमसीजी कंपनियां अपने उत्पादों जैसे साबुन, शैंपू आदि को बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पाम तेल का उपयोग करती हैं। ऐसे में इसकी तेजी से इन वस्तुओं की महंगाई दर बढ़ जाती है। हाल में एफएमसीजी कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतों में अच्छी खासी बढ़त भी की है।

आलू और प्याज भी हुए महंगे पिछले एक साल के दौरान आलू और प्याज भी महंगे हो गए हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ब्राजील के क्लिनिक में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जब एक छात्र नर्स ने उसके वश लाइन के माध्यम से गलती से कॉफी और दूध को दे दिया था।
- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25-50 पौंड दूध रख सकता है।

## ईडी की पीएमएलए के तहत बड़ी कार्रवाई

# 1646 करोड़ रुपये के सबसे बड़े क्रिप्टो फंड को किया जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने अब तक का सबसे बड़ा क्रिप्टो फंड 1,646 करोड़ रुपये जब्त किया, जो एक धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से जुड़ा था। निवेशकों को सुरक्षित निवेश के नाम पर जाल में फंसाया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन जांच के तहत अब तक का सबसे बड़ा क्रिप्टो फंड जब्त किया है, जिसकी कीमत 1,646 करोड़ रुपये है। सुरक्षित निवेश के नाम पर कई जमाकर्ताओं को धोखा दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी के अहमदाबाद कार्यालय ने शनिवार को 'बिटकनेक्ट लेंडिंग प्रोग्राम' के तहत धोखाधड़ी के मामले में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद 13.50 लाख रुपये नकद, एक एसयूवी कार और कई डिजिटल उपकरण (जैसे मोबाइल और कंप्यूटर) जब्त किए हैं।



बिटकनेक्ट लेंडिंग प्रोग्राम बिना पंजीकरण के चल रहा था, जिसमें सिक्योरिटी की बिक्री और निवेश में धोखाधड़ी की गई। दरअसल, सूरत पुलिस की अपराध शाखा ने धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप है कि नोटबंदी के बाद नवंबर 2016 से जनवरी 2018 के बीच यह धोखधड़ी की गई। इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले के आरोपी हितेश मेहता को हॉलिडे कोर्ट लाया गया

**नई दिल्ली।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक हितेश प्रवीणचंद मेहता पर कथित तौर पर दादर और गोरेगांव शाखाओं की जिम्मेदारी अपने पास होने के दौरान बैंक से 122 करोड़ रुपये निकालने का आरोप है। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए भारत सबसे तेजी विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत 6 से 8 फीसदी की दर से तेजी से विकास करेगा।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले के आरोपी हितेश मेहता को मुंबई की हॉलिडे कोर्ट में सुनवाई के लिए पेश किया जाएगा। न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक हितेश प्रवीणचंद मेहता पर कथित तौर पर दादर और गोरेगांव शाखाओं की जिम्मेदारी अपने पास होने के दौरान बैंक से 122 करोड़ रुपये निकालने का आरोप है। आरोप हैं कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दोनों



शाखाओं के खातों से 122 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। अश्विनी वैष्णव बोले- भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था, महंगाई नियंत्रण में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए भारत सबसे तेजी विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत 6 से 8 फीसदी की दर से तेजी से विकास करेगा, जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को जाता है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, हम एक ऐसी अर्थव्यवस्था देख रहे हैं, जो आज सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

कोरोना महामारी के बावजूद महंगाई नियंत्रण में है। हम आज ऐसी स्थिति में हैं. जहां हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि आने वाले वर्षों में महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए 6-8 प्रतिशत की दर से विकास करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण ने हमेशा निम्न और मध्य आय वाले परिवारों को अपनी सोच के केंद्र में रखा है। इन परिवारों के लिए कई नई योजनाएं शुरू की गई हैं। बजट में सबसे बड़ी राहत दी गई है। इसमें 12 लाख रुपये की सालाना आय को टैक्स फ्री कर दिया गया है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन उत्तम रहेगा। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। भाग्य पूरा साथ देगा। आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** आज घरेलू परेशानियां आपको तनाव दे सकती हैं। आर्थिक स्थिति तंग होने के कारण कोई महत्वपूर्ण कार्य बीच में ही अटक सकता है।

**मिथुन:** दिन थोड़ा कमजोर रहने वाला है क्योंकि आपके खर्चे बढ़ेंगे और आय में थोड़ी कमी हो सकती है लेकिन कोर्ट कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज का दिन उत्तम रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। पारिवारिक रिश्तों में तालमेल बिठाने में आप सफल रहेंगे।

**सिंह:** आज आपका तनाव दूर होगा। आपके कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। विपरीत लिंगी के प्रति आकर्षण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। भाग्य के बल पर आपको कई तरह से धन लाभ होगा। परिवार के बड़े बुजुर्गों की सलाह काम आएगी।

**तुला:** आज का दिन परिजनों के साथ व्यतीत होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप शॉपिंग करने भी जा सकते हैं। आपके मन में नए विचार आएंगे।

**वृश्चिक:** दिन योजनाओं में आखिरी वक्त में बदलाव हो सकता है। जीवनसाथी द्वारा किसी छोटी सी बात पर कहे गए झूठ से आप आहत महसूस कर सकते हैं।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। कार्यों में आंशिक सफलता मिलेगी। आप काफी उत्साहित रहेंगे और अधिक मेहनत भी करेंगे।

**मकर:** आज का दिन उत्तम रहेगा। लॉ के छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स के सहयोग से पूरा करेंगे।

**कुंभ:** आज किसी कार्य में सफलता उत्साह बढ़ाएगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की लालसा बढ़ेगी। एक दिशा में की गई मेहनत बेहतर परिणाम देगी।

**मीन:** आपके लिए आज का दिन किसी यात्रा की ओर संकेत कर रहा है। यह यात्रा आपके व्यापार को बढ़ाने वाली साबित होगी। आपको धन लाभ भी होगा।

## चुटकुले

प्लम्बर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर- सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

चीकू- तू स्कूल क्यों नहीं जाता?
मंटू- कई बार गया, वो वापिस भगा देते हैं।
चीकू- क्यों ?
मंटू- कहते हैं भाग तेरा क्या काम लड़कियों के स्कूल में।

कर्मचारी- सर कुछ दिनों की छुट्टी चाहिए।
बॉस – छुट्टी एक शर्त पर मिलेगी, ये बताओ कि 'कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा?'
कर्मचारी- सर हो सकता है बाहुबली ने कटप्पा को छुट्टी नहीं दी हो।
बॉस- कितने दिन की छुट्टी चाहिये?


17 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन


अरुणोदय सिंह (अभिनेता)


संयोगिता त्यागी


तनुजा गुप्ता


अरविंद चौधरी


पंडित विपुल शर्मा


संदीप पाल


दिलशाद अली


हरित शर्मा


राहुल शाह


दानिश खान


शिवम शर्मा


अंकित गर्ग


युदवीर सिंह


मुकेश सैनी


हरित पंडित


विवेक जैन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# रोहित या विराट कोहली, अश्विन ने टीम इंडिया में सुपरस्टार कल्चर पर साधा निशाना

**चेन्नई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद से ही दिग्गज क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ज्यादा एक्टिव हो गए हैं। अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। अश्विन ने अब भारतीय टीम में 'सेलिब्रिटी संस्कृति' के खिलाफ दृढ़ता से बात की। उन्होंने कहा है कि क्रिकेटरों को ये नहीं समझना चाहिए कि वह अभिनेता या सुपरस्टार हैं, बल्कि सोचना चाहिए कि वह केवल एथलीट हैं। अनुभवी ऑलराउंडर ने खिलाड़ियों से आम लोगों का भरोसा जीतने के लिए जमीन से जुड़े रहने का भी आग्रह किया।







अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा, 'भारतीय क्रिकेट में चीजों को सामान्य करना महत्वपूर्ण है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम के भीतर इस सुपरस्टारडम और सुपर सेलिब्रिटीज को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। हमें आगे चलकर इन सभी चीजों को सामान्य बनाना होगा। हम क्रिकेटर हैं।

हम अभिनेता या सुपरस्टार नहीं हैं। हम खिलाड़ी हैं और हमें ऐसा ही होना चाहिए जिससे आम लोग जुड़ाव महसूस करें और खुद की तुलना कर सकें। अश्विन ने रोहित-कोहली का उदाहरण दिया

अश्विन ने स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों से निजी प्रशंसा की जगह टीम के गोल पर ध्यान लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा, 'उदाहरण के लिए अगर आप रोहित शर्मा या विराट कोहली हो जिन्होंने इतना कुछ हासिल किया है। जब आप एक और शतक लगाते हैं, तो यह अब केवल आपकी उपलब्धि के बारे में नहीं है। यह हमेशा की तरह व्यवसाय होना चाहिए और हमारे लक्ष्य इन उपलब्धियों से बड़े होने चाहिए।' अश्विन ने भारतीय टीम पर भी बातचीत की अश्विन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम पर भी बात की।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ चोट से उबरे

**कराची ।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को बताया कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे।

इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।' सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी के साथ फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है।



अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकताओं ने उनके विकल्प के रूप में अकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें डेब्यू का इंतजार है।

हारिस ने 46 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 83 विकेट और 79 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 110 विकेट चटकाए हैं।

पाकिस्तान त्रिकोणीय सीरीज में न्यूजीलैंड से दो बार हार गया था जिसमें शुक्रवार को हुआ फाइनल भी शामिल है। टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में हार का बदला चुकता करने का मौका मिलेगा जिसमें वे गत विजेता भी हैं।

# मुंबई इंडियंस की कोच एडवर्ड्स ने अंपायरिंग सवाल उठाए

**नई दिल्ली ।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार में बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।



तीसरी अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने दिल्ली की तीन बल्लेबाजों राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे को गिल्लियों की लाइट जलने के बावजूद नॉट आउट करार दिया। तीसरे अंपायर के इन फैसलों ने आखिर में मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई की करीबी हार के बाद इंग्लैंड की दो बार की विश्व कप विजेता कप्तान एडवर्ड्स ने कहा, 'आपको काफी शांत रहना होगा। जब अधिकतर फैसलों के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली जाती है तो वास्तव में यह काफी मुश्किल होता है। तब मैच का परिणाम बड़ी स्क्रीन पर नजर आता है।'

उन्होंने कहा, 'इसे पचा पाना वास्तव में मुश्किल है लेकिन मैं लंबे समय से इस खेल से जुड़ी हूं और जानती हूं कि यह खेल का हिस्सा है। इसलिए हमें बस आगे बढ़ना है।

# पहले सेमीफाइनल में गुजरात का केरल से सामना



**अहमदाबाद।** रणजी ट्रॉफी का मौजूदा सत्र समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। सोमवार से सेमीफाइनल के मुकाबले शुरू होंगे। पहला मैच अहमदाबाद में गुजरात और केरल के बीच खेला जाएगा। दूसरे मुकाबले में विदर्भ के सामने मुंबई की चुनौती होगी। यह मैच नागपुर में खेला जाएगा। दोनों मुकाबले सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे। सौराष्ट्र को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा गुजरात पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए।

# चोटिल गजानफर की जगह इस क्रिकेटर को किया शामिल, मिस्ट्री स्पिनर के नाम से है मशहूर

**मुंबई ।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के अल्लाह गजनफर के रिप्लेसमेंट के रूप में अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को टीम में शामिल किया है। गजानफर चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। 18 वर्षीय गजानफर को फ्रैक्चर हुआ था। वह आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे।

गजानफर को अफगानिस्तान के हालिया जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल मेगा नीलामी में उभरते हुए 18 वर्षीय ऑफ स्पिनर गजानफर को 4.80 करोड़ रुपये में साइन किया था। एमआई ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजानफर के शीघ्र स्वस्थ होने और मुजीब का इस परिवार में गर्मजोशी से स्वागत करता है।' मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तुरंत प्रभाव डाला। उन्होंने 17 साल की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया था। वह मिस्ट्री स्पिनर के नाम से भी मशहूर हैं।





मुजीब ने 250 से ज्यादा टी20 मुकाबले खेले हैं और लगभग 6.5 की इकोनॉमी से 270 से ज्यादा विकेट लिए हैं। आईपीएल में मुजीब कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वह अफगानिस्तान के लिए 75 वनडे, 49 टी20 और एक टेस्ट खेल चुके हैं। टेस्ट में मुजीब ने एक विकेट, वनडे में 101 विकेट और टी20 में 63 विकेट लिए हैं। ओवरऑल 256 टी20 में वह 275 विकेट ले चुके हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से ज्यादा जरूरी है भारत को हराना, पाकिस्तान के उपकप्तान ने दिया जवाब

**कराची ।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो गई है। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी 23 फरवरी को दुबई में आमने-सामने होंगे। कागजों पर यह सिर्फ एक और मैच हो सकता है, लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ी इस मैच में उनकी रगों में दौड़ने वाली भावनाओं को जानते हैं। फैंस के लिए भी यह मैच काफी मायने रखता है और वह बस चाहते हैं कि उनकी टीम यह मैच जीत जाए।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स ने यह बयान दिया था कि उनके लिए भारत को हराना ज्यादा जरूरी है, भले ही ट्रॉफी नहीं जीत पाएं। अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम के उप-कप्तान सलमान अली आगा से मैच के महत्व के बारे में पूछा गया है। उन्होंने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी उठाने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है।





**'भारत के खिलाफ मैच सिर्फ एक मैच'** : उन्होंने पीसीबी पॉडकास्ट पर एक चैट के दौरान कहा, 'मैं चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उत्साहित हूं क्योंकि पाकिस्तान की आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है और यह खास है। लाहौर से होने के नाते अपने गृहनगर में ट्रॉफी उठाना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा। पाकिस्तान की टीम में इसे जीतने की क्षमता है। भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान माहौल काफी अलग रहता है। जैसा कि सब कहते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा मैच है, लेकिन बात यह है कि यह सिर्फ एक मैच है। मेरे लिए चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है, न कि बस उस एक मैच को जीतना।'

पाकिस्तान क्रिकेट जगत में कुछ ऐसे भी हैं जो भारत के खिलाफ जीत को आईसीसी टूनामेंट जीतने से बड़ी उपलब्धि मानते हैं। हालांकि, सलमान उस विचारधारा का समर्थन नहीं करते। उन्होंने कहा, 'अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ जीत जाए और चैंपियंस ट्रॉफी न जीते तो कोई फायदा तो है नहीं। अगर हम वह मैच हारते भी हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतते हैं, तो मेरे ख्याल से मेरे लिए वो सबसे बड़ी जीत है।'

## 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा'

सलमान ने यह भी कहा कि वह टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वह भारत को हराने में अपनी टीम की मदद करना चाहते हैं।

# मुंबई इंडियंस ने चोटिल गजानफर की जगह इस क्रिकेटर को किया शामिल, मिस्ट्री स्पिनर के नाम से है मशहूर

**मुंबई ।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के अल्लाह गजनफर के रिप्लेसमेंट के रूप में अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को टीम में शामिल किया है। गजानफर चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। 18 वर्षीय गजानफर को फ्रैक्चर हुआ था। वह आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे।

गजानफर को अफगानिस्तान के हालिया जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल मेगा नीलामी में उभरते हुए 18 वर्षीय ऑफ स्पिनर गजानफर को 4.80 करोड़ रुपये में साइन किया था। एमआई ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजानफर के शीघ्र स्वस्थ होने और मुजीब का इस परिवार में गर्मजोशी से स्वागत करता है।' मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तुरंत प्रभाव डाला। उन्होंने 17 साल की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया था। वह मिस्ट्री स्पिनर के नाम से भी मशहूर हैं।





मुजीब ने 250 से ज्यादा टी20 मुकाबले खेले हैं और लगभग 6.5 की इकोनॉमी से 270 से ज्यादा विकेट लिए हैं। आईपीएल में मुजीब कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वह अफगानिस्तान के लिए 75 वनडे, 49 टी20 और एक टेस्ट खेल चुके हैं। टेस्ट में मुजीब ने एक विकेट, वनडे में 101 विकेट और टी20 में 63 विकेट लिए हैं।

# राहुल या फाफ नहीं, इस स्टार को कप्तान बना सकती है दिल्ली की टीम, भारत के पूर्व क्रिकेटर ने रखी राय

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अब तक कुछ टीमों ने अपने-अपने कप्तानों के नाम का एलान नहीं किया है। इनमें दिल्ली कैपिटल्स की टीम भी शामिल है। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी भूमिका के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों- अक्षर पटेल, केएल राहुल और फाफ डुप्लेसिस की पहचान की है। उनका मानना है कि भारतीय क्रिकेट में हाल में बढ़े कद को देखते हुए अक्षर दौड़ में सबसे आगे हो सकते हैं।





## दिल्ली ने अक्षर पटेल को रिटेन किया था

दिल्ली ने अक्षर को पिछले साल मेगा नीलामी से पहले 16.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, जो उनकी क्षमताओं में दिल्ली फ्रेंचाइजी के विश्वास को दर्शाता है। बाद में उन्होंने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये और फाफ डुप्लेसिस को 2 करोड़ रुपये में खरीदा। अक्षर का आईपीएल 2024 सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 11 पारियों में 7.65 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए थे, जबकि 12 पारियों में 131.28 के स्ट्राइक रेट से 235 रनों का योगदान दिया था।



**आकाश चोपड़ा ने यूट्यूब पर रखी राय** : आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि दिल्ली के पास तीन विकल्प हैं। उनके पास अक्षर पटेल और केएल राहुल हैं और फाफ डुप्लेसिस भी हैं। उन्होंने अक्षर पटेल को रिटेन किया। उनका कद बढ़ रहा है। वह भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप-कप्तान हैं। वह चैम्पियंस ट्रॉफी में भी खेलेंगे और उन्हें भारतीय वनडे टीम में काफी महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। वह परिपक्व है। वह शानदार हैं। वह खेल की नब्ज को समझते हैं। वह टीम को खुद से आगे रखते हैं।

# 22 मार्च को होगा आईपीएल 2025 का आगाज

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2025 के शेड्यूल का ऐलान आज रविवार 16 फरवरी को होना है। यह इस रंगारंग लीग का 18वां संस्करण होगा। टूनार्मेंट में हिस्सा लेने वाली टीमें मार्च से खिताब जीतने की लड़ाई शुरू करेगी। टी20 लीग के आधिकारिक प्रसारकों ने रविवार को घोषणा की कि शेड्यूल शाम 5:30 बजे (क्रळ) जारी किया जाएगा। 22 मार्च से आईपीएल 2025 के आगाज होने की संभावना है, जबकि फाइनल 25 मई को खेला जा सकता है। साथ ही, मुलनपुर के बाद धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू मैदान होगा, जबकि राजस्थान रॉयल्स अपने नियमित स्थल जयपुर के अलावा उत्तर पूर्वी शहर में अपना बेस बनाएगी।



मुंबई बस दो मैच लगातार अपने घर पर खेलेगी, उसके अलावा टीम को हर मैच के बाद ट्रैवल करना होगा। एमआई का पहला मैच 23 मार्च से है तो उनका आखिरी मुकाबला 15 मई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा।

25 मार्च को कोलकाता में आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं एक क्वालीफायर हैदराबाद में तो एक कोलकाता में होगा।

स्टार स्पोर्ट्स के अनुसार 23 मई को एमआई वर्सेस सीएसके हाईवोल्टेज मुकाबला खेला जाएगा। वहीं विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार ही एक दूसरे का आमना सामना कर पाएगी। 7 अप्रैल को एमआई वर्सेस आरसीबी मैच खेला जाएगा। वहीं विराट कोहली की टीम सीएसके से 28 मार्च को चेन्नई में तो 3 मई से बैंगलोर में भिड़ेगी।गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल 2025 का पहला मैच ईडन गार्डन्स का पहला मैच खेला जा सकता है। केकेआर ने आईपीएल का पिछला सीजन जीता था।

## मुरादनगर के श्मशान घाट में हादसा...

# निर्माणाधीन पानी की टंकी की शटरिंग गिरी, 8 मजदूर मलबे में दबे





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर क्षेत्र स्थित ग्राम उखलारसी के श्मशानघाट में 4 महीने से पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। मजदूर पहुंचे और काम शुरू किया। करीब 50 फीट तक शटरिंग बंधी हुई थी। 8 मजदूर ऊपर थे, कुछ मजदूर नीचे सामान की सप्लॉई कर रहे थे। तभी अचानक शटरिंग गिर गई। जिससे करीब 50 फीट की ऊंचाई से मजदूर नीचे गिर गए। शटरिंग गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायल 8 मजदूरों को एम्बुलेंस से विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया। एक मजदूर की हालत गंभीर हादसे की सूचना मिलते ही नगर पालिका अधिकारी, जल निगम अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

बाद में एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची। सभी मजदूरों का इलाज चल रहा है। एक मजदूर की हालत गंभीर है। वहीं हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया, डॉयल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि थाना मुरादनगर क्षेत्र स्थित ग्राम उखलारसी के श्मशानघाट में जल जीवन मिशन के तहत बन रही टंकी की शटरिंग गिर गई है। मलबे में कुछ लोग दब गए हैं। इसके बाद थाना मुरादनगर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से 8 मजदूरों को निकालकर सीएचसी भेजा। जहां डाक्टरों ने सभी घायलों को संजय नगर अस्पताल रेफर दिया। एक को छोड़कर सभी खतरे से बाहर हैं। अमृत योजना के तहत चल रहा है काम नगर पालिका परिषद के ईओ डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया, 'प्रधानमंत्री अमृत योजना के तहत मुरादनगर शहर में पेयजल लाइन डालने का काम चल रहा है। जून 2024 में काम शुरू किया गया गया था।' उनका कहना है कि इसके तहत आठ नए ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं और 50 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जानी है। एक ओवरहेड टैंक का निर्माण 2.5 करोड रुपए में हो रहा है।

तीन सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन एडीएम वित सौरभ भट्ट ने बताया, 'जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में जिलाधिकारी के अलावा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को रखा गया है। साथ ही जल निगम के अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। तीन दिन के अंदर जबाव देने को कहा गया।

## भारत विकास परिषद ने कराया गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद वसुंधरा वैशाली शाखा द्वारा रविवार को वसुंधरा एसजी पब्लिक स्कूल में पांच गरीब कन्याओं का सरल सामूहिक विवाह का आयोजन सनातन रीति रिवाज से किया गया। इस शादी का पूरा खर्चा हर जोड़ों को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तु भी दान की गई। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने बताया गया कि बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें मदद की है। परिषद द्वारा यह तीसरा वैवाहिक आयोजन है, इस अवसर पर परिषद के संरक्षक राकेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, गौरव अग्रवाल, रितु शर्मा, सुरभि गुप्ता, कुंतल वासने, लोकेश कुमार, आभा जिंदल, रेनू बंसल, शिव शंकर उपाध्याय, डीएन सिंह, कमल किशोर, लोकेंद्र श्रीवास्तव, प्रभात गुप्ता, विकास बंसल, नरेश अग्रवाल, शशि बजाज, अमित गोयल, संजय रूस्तगी, ममता शर्मा, मीरा गुप्ता, राजीव कुमार, जितेंद्र सिंह, संजीव धीमान, सोम गुप्ता आदि लोग मौजूद है।

## ढाबे और रेस्टोरेंट में चल रही थी खुलेआम शराब पार्टी 621 लोगों का चालान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष 3 घंटे के अभियान में कुल 621 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 330 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह विशेष अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कानूनी कार्रवाई की गई।




### जब सीसीटीवी में साहब ने देखा बाबू तो नही रहा गुस्से पर काबू

किस्सा एक महकमे का है और किस्से में हसीना है और किस्से में रिटायरमेंट की कगार पर खड़ा बाबू है। किस्से में साहब का गुस्सा है और सुना है कि हसीना की विदाई कर दी गई है और बाबू की रिटायरमेंट फेयरवैल का इंतजार हो रहा है। महकमें वालो की जुबान पर ये बात आई कि बाबू को अपनी उम्र का और हसीना को विभागीय मर्यादा का तो ध्यान रखना चाहिये। जब बैठने के लिये दफ्तर में चेयर है तो फिर भला गोद में बैठने की क्या तुक। उस पर जुल्म ये हुआ कि बड़े साहब ने इस सीन को सीसीटीवी कैमरें में देख लिया। बाबू को इस अवस्था में देखने के बाद साहब का गुस्सा बेकाबू हो गया। सुना है कि साहब नाराज हुये तो पहली गाज हसीना पर ही गिरी और उन्हे विदा कर दिया गया। महकमें वाले बता रहे हैं कि गोदी वाले बाबू को भी बड़े साहब ने बुलाकर हिंदी में समझा दिया है।

### किस डिमांड पर पार्षद हसबैंड बोला करा दूंगा तबादला अगर ज्यादा बोला

कई ऐसी सदन मेंबर है जो जीतने के बाद खुद तो सीन से आऊट हैं मगर इन मेंबर के हंसबैंड पूरे एंगर के साथ पालिटिक्स कर रहे हैं। लहर का कहर ये हैं कि मेंबर तो चुप है मगर हसबैंड ने पूरा बैंड बजा रखा है। किस्सा उस वार्ड का हैं जहां सिम्पैथी को साईड लाईन पर रखकर चुसबंदी का बोलबाला रहा। दिल की भड़ास भी तब निकली जब पड़ोस वाले मकान में दस्तक दी ओर टिकट दे दिया। मेंबर हसबैंड तो पहले से उस वर्किंग में थे और उनकी वाईफ की लाईफ भी इसी काम में बीत रही थी। बड़ी मैडम ने वीटो लगा दी तो टिकट भी मिला और वो जीत भी गई। सुना है जीतने के बाद मेंबर हसबैंड ने एक प्रमुख कमान अपने हाथो में ले ली है। उन्होने क्लीनिंग को कहा कि हम महाकाल जाना चाहते हैं तुम्हारा क्या योगदान रहेगा। हीरो ने जो कहा उसे सुनकर मेंबर हसबैंड नाराज हो गये और बीप-बीप आ गये। कह दिया कि एक घंटे में तबादला हो जायेगा तेरा सुना है कि हीरो ने कह दिया कि इतने नखरे तो हमने पहले वाले के भी झेले नहीं भाई।

### ये ही रहेगा बेस्ट कि पैंठ बाजार वालों का करा लो नारको टेस्ट

पैंठ बाजार के सीन में भाजपा फुल डेमोक्रेसी के साथ मौजूद है। शासन वाले साहब ने कहा कि लगा लो बाजार तो पुलिस वाले साहब ने पैंठ बाजार के ठेकेदारों की लिस्ट उनके नाम फोन नबंर सहित जारी कर दी। इधर शोर मचने लगा कि अकेले पैठ हमाम में ये ही नंगे नही है और भी ठेकेदार हैं। फिर कई मेंबरो के भी नाम वाली लिस्ट आने की चर्चा चली तो एक मेंबर ने ही कहा कि सबसे बेस्ट तो यही रहेगा कि पैंठ बाजार वालों का ही नारको टेस्ट करा लो। सबके नाम पैंठ वालो की जुबान से ही बाहर आ जायेगें। फिर ना मैडम को दिक्कत होगी कि करोड़ो की उगाही हो गई और ना बडे साहब को ये कष्ट होगा कि अगर सड़क पर साप्ताहिक बाजारलगे तो ट्रैफिक जाम हो जायेगा।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से 18 लोगों की मौत

### प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी न करें श्रद्धालु : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दुखद घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई। भगदड़ मचने से करीब 15-20 लोगों की मृत्यु हो गई और अनेकों लोग घायल हो गए। यह कैसी आस्था है, उत्तर प्रदेश प्रशासन के बार-बार मना करने के बाद भी श्रद्धालु बिल्कुल भी नहीं मान रहे। उत्तर प्रदेश डीजीपी प्रशासन ने अभी प्रयागराज आने के लिए लोगों से अपील करी थी, कि अभी ना आए, क्योंकि बहुत ही भीड़ भयंकर प्रयागराज में चल रही है, पर श्रद्धालु उसको अनदेखा करते हुए जाने के लिए आतुर है, जिसका नतीजा रात में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला, जिसमें प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने की सूचना मिलते ही भगदड़ मच गई, यह कैसी आस्था है, सभी नागरिकों से अपील है, जो प्रयागराज जाना चाहते हैं, कृपया 20 तारीख के बाद जाएं, अभी वहां बहुत भयंकर भीड़ है; जाम है, और कभी भी ऐसी दुर्घटना और भी हो सकती है, और अपने पर संयम बरते, उत्तर प्रदेश प्रशासन की बातों पर अमल करें, जिससे भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना ना हो।

## विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन गाज़ियाबाद की मासिक बैठक में आने वाले दो वर्ष के लिये नयी कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। विशेष बात यह रही कि पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चयनित हो गई। नई कार्यकारिणी में इं डी के अरोड़ा को अध्यक्ष, इं एच पी गुप्ता को उपाध्यक्ष, इं ए के वार्षणेय को सचिव तथा इं एस के सखूजा को संयुक्त सचिव सहित कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष ने इं एस एल अग्रवाल को सह सचिव, सुश्री रेनू अंशुल को सांस्कृतिक सचिव व इं अंशुल अग्रवाल को मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किया। बताते चलें कि विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक प्रत्येक माह तीसरे रविवार को आयोजित की जाती है जिसमें पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को कारपोरेशन स्तर से वार्ता कर उनका समाधान निकलवाया जाता है। इस एसोसिएशन में कुल 165 अधिकारी हैं जे सभी रिटायरमेंट के बाद गाज़ियाबाद में बसे हुए हैं। कुल 129 पेंशनर्स ने इस मासिक बैठक में भाग लिया। सभी के मंनोरंजन हेतु मंजू अग्रवाल के निर्देशन में एक नाटिका भानुमति का पिटारा का भी मंचन किया गया जिसको सभी ने बहुत सराहा।

## पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने रविवार को चंद्र नगर चौराहे पर बने वाली आरसीसी सड़क का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बताया कि चंद्रनगर चौराहे से लेकर पंचवटी गेट तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। जो सीसी सड़क बनने से रोज-रोज के सड़क टूटने का सिलसिला खत्म हो जाएगा। चंद्रनगर के सर्विस लाइन और एक रामप्रस्थ की सर्विस लाइन इन में भी इंटरलॉकिंग टाइल का एस्टीमेट बनवा दिया गया है। इसमें भी कार्य किया जाएगा जा रहा है। दो जगह और सड़क टूटी हुई थी। रामप्रस्थ के डी ब्लॉक में वहां भी सड़क बनाई जाएगी। और भी कुछ कार्य होने हैं, सबका एस्टीमेट बन गया है, जल्दी ही काम शुरू होगा। इस अवसर पर आदित्य वर्धन ढाका, संदीप सायल, रत्नाकर शर्मा, अखिलेश कुलश्रेष्ठ, दिनेश मलिक, सतबीर शर्मा, गौरव पांडे, केएन पांडे, प्रवीण, मुकेश, प्रदीप, सुमित, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, किरण शर्मा चंद्रनगर रामप्रस्थ के सभी लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद श्री भगवान अग्रवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि क्षेत्र का पार्षद हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

## सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिये शस्त्र लाइसेंस के लिये आंदोलन खड़ा किया जाएगा : यति नरसिंहानंद गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रयागराज महाकुंभ से लौटने के बाद महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने प्रयागराज महाकुंभ से निराशा के साथ बुलाई बैठक। उनकी निराशा का कारण सनातन धर्म के धर्मगुरुओं की सनातन धर्म की रक्षा के प्रति उदासीनता है। अपने आप को विश्वगुरु के योग्य मानने वाली संस्कृति के सर्वोच्च धर्मगुरु चिंतन तक करने को तैयार नहीं हैं। यह बात महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज को पूरी तरह से विचलित कर गयी है और अब उन्होंने धर्मगुरुओं की ओर से निराश होकर जनता के बीच जाने का निश्चय कर लिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को वो विश्व के सभी गैर मुस्लिम राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिख कर उन्हें इस्लामिक जिहाद के खतरे के विषय में सचेत करेंगे और उनसे इस्लामिक जिहाद का स्थायी उपचार खोजने का निवेदन करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिये शस्त्र लाइसेंस के लिये आंदोलन खड़ा किया जाएगा ताकि भारत में बांग्लादेश जैसे हिन्दू नरसंहार की स्थिति में हिन्दू अपने लिये आत्मरक्षा का प्रयास कर सकें। इस आंदोलन के आरम्भ में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने रक्त से पत्र लिखेंगे जिस पर एक लाख हिन्दू रक्त से हस्ताक्षर करेंगे। यह रक्तलिखित पत्र डॉ. उदिता त्यागी महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जनता दरबार मे देगी। डॉ. उदिता त्यागी के साथ विनोद सर्वोदय, बहन ममता सहगल, अनिल यादव, अनिल चौधरी, सुनील त्यागी, महेश आहूजा, मोहित नागर तथा अन्य हिन्दू भी होंगे। बैठक में बहुत बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।




## लिस्ट से आउट हुए एक एसीपी साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते लंबे समय से एक एसीपी साहब का तबादला बाहर हुआ था, लेकिन वह अभी भी यहीं पर हैं। वहीं उनका नाम अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम अधिकारियों की लिस्ट से आउट हो गया है। तो वहीं जो नए वाले एसीपी ट्रेनिंग के बाद दोबारा से भेजे गए हैं, उनका नाम अभी यहां दर्ज नहीं हो पाया है। अब ऐसा क्यों हो रहा है इसके पीछे चर्चा हो रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि जिस तरह से उनका नाम अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाली लिस्ट से आउट हो गया है, उसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। कोई कह रहा है कि उनको अब जाना होगा तो कई लोगों का कहना है कि अभी वो कुछ दिनों तक यहीं पर रहने वाले हैं। वैसे उन्होंने अभी हाल ही में अपने सर्किल की सबसे बड़ी चोरी का प्रमुखता के साथ खुलासा किया है। भले उनका नाम लिस्ट से आउट है, पर वो अभी भी हैं, यहीं पर। पर कहा जा रहा है कि ऐसी क्या वजह है, जो इतने गुड वर्किंग अधिकारी का नाम लिस्ट से हटाया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि जब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम की शुरुआत हुई थी, तो यहां पर लगभग 18 से अधिक एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट बनी थी, पर सुनने में आ रहा है कि वर्तमान वाले समय में भले लिस्ट में संख्या कम नजर आ रही हो, पर कई ऐसे नाम भी हैं, जो अभी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बने तो हुए हैं, पर उनका नाम नजर नहीं आ रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि वेब साइड पर भी उन एसीपी का नाम नहीं जो अभी गए नहीं हैं। वैसे सुनने में आ रहा है कि एसीपी साहब का भी मन लग नहीं रहा है, पर उनको रिलीव नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से वह अभी यहीं पर रहते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों पर भरोसा करें, तो अभी एक से दो सर्किल के लिए कोई नई सूचना भी जल्द ही आने वाले दिनों में सुनाई दे सकती है। उधर सुनने में आ रहा है कि महाकुंभ के समापन होने के बाद पुलिस विभाग में एक महातबादला सूची भी आउट होने वाली है। इसमें कई स्तर के अधिकारियों से लेकर प्रमोशन व साइड लाइन चलने वालों को मौका मिल सकता है। देखना होगा इसका पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम पर क्या इफैक्ट पकड़ा है।



## राष्ट्रीय जाट महासभा की समीक्षा बैठक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ में रोहटा रोड पर रविवार को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की समीक्षा बैठक की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अजय प्रमुख, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मलिक, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश संजीव शेखर, युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक, प्रदेश महासचिव सोनवीर खुटैल, मंडल अध्यक्ष युवा सागर तेवतिया, दिल्ली युवा प्रदेश अध्यक्ष शुभम जावला, युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद तरुण राज तेवतिया, सभी पदाधिकारी ने संगठन विस्तार के बारे में समीक्षा की जिसमें मुख्य गोवर्धन मथुरा में महाराजा सूरजमल जी द्वारा स्थापित की गई तालाब और बगीचे में छतरियां और महल पर हो रही जाट समाज की धरोहर पर अवैध कब्जा करने वाले असमाजिक तत्वो के खिलाफ उनको हटाने की रणनीति बनाई गई। 23 फरवरी को होगी जाट समाज की कूच गोवर्धन मथुरा के लिए। और गाजियाबाद से भाई सुधीर चौधरी बाहुबली को गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। और गौरव निर्मल को शामली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया और जाट समाज के केंद्र में आरक्षण के लिए एक रणनीति तैयार कर बहुत ही जल्द एक महापंचायत की जाएगी।

## पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने किया गंगा वाटर लाइन का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने रविवार को सेक्टर 1 वैशाली हनुमान मंदिर के पास पुष्पा आकाश सोसाइटी को गंगा वॉटर मिले इसके लिए नगर निगम से इस अपार्टमेंट को गंगा वाटर की लाइन डलवाने के कार्य का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर वहां के वेलफेयर संगठन के पदाधिकारी संजीव कौशिक और अरुण लखेड़ा द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया काफी लंबे समय से यहां के लोगों द्वारा गंगा वाटर की मांग की जा रही थी। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से यह कार्य हो पाया इसके लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद किया गया इस अवसर पर एसके सिंह लाडु सिंह रावत विपिन सरवन संतोष लक्ष्मण राहुल अभिनव विदीत शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अच्छी पहल : परामर्थ सेवा ट्रस्ट ने कराया श्रद्धालुओं को कुंभ स्नान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हनुमान मंगलमय परिवार/ परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वीके अग्रवाल के तत्वावधान में एम, एस, टी कनौजा के डी फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल में प्रयागराज तीर्थ से लाया गया जल, 11 किलो गुलाब की पंखुड़ियां, 1 लीटर गुलाब जल, जल में डालकर महाकुंभ प्रेमियों को स्नान कराया। स्नान करते समय वेद विद्यालयों के छात्रो द्वारा मंत्रों ध्वनि एवं पुष्प वर्षा की जा रही थी मानो की ऐसा लग रहा था कि स्वर्ग में स्नान हो रहा हो। तत्पश्चात वहीं पर भोजन प्रसाद ग्रहण करके वापस अपने गंतव्य को पहुंचे। इस अवसर पर वी के अग्रवाल, डॉ बीके शर्मा हनुमान, शिवकुमार शर्मा, डॉक्टर हरीश शर्मा, डॉ नीरज गर्ग, देवेंद्र हितकारी, अशोक अग्रवाल आटे वाले, हेमंत कंसल, डीके मित्तल, वी के सिंघल, ज्ञान प्रकाश गोयल, किरण शर्मा, गौरव गोयल, जितेंद्र भटनागर, रितेश भटनागर बॉबी मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कार्यकारणी का गठन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा स्थित क्रिस्टल पैलेस होटल में रविवार को उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल साहिबाबाद विधानसभा गाजियाबाद द्वारा जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। साहिबाबाद विधानसभा का विस्तार किया गया। चैयरमेन डॉक्टर मनोज गोयल पूर्व पार्षद, वाइस चेयरमैन राधेश्याम त्यागी पार्षद, राजकुमार सिंह राणा अध्यक्ष, नितेश पोसवाल महासचिव, पप्पू सिंह राघव कोषाध्यक्ष, संजय अरोड़ा वसुंधरा अध्यक्ष, विपिन त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत राजवंशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुबे सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एस एन ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजीव गर्ग वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाष सिंह उपाध्यक्ष, संजीव गर्ग उपाध्यक्ष, अनुज शर्मा उपाध्यक्ष, महेश उपाध्याय उपाध्यक्ष, प्रवीण त्यागी, गौरव कुमार, सचिव अमर सक्सेना, सचिन, अखिलेश गुप्ता, अमित कुमार, विश्वास मोहन वर्मा, विनोद पंत, मोहित मुंतेजा प्रचार मंत्री, मीना कुमारी अध्यक्ष महिला मोर्चा वसुंधरा, कामिनी भदोरिया अध्यक्ष वैशाली को मनोनीत किया गया। अमित गोयल नगर अध्यक्ष ने संगठन द्वारा पिछले 15 वर्षो से किये गये कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। मुरादनगर अध्यक्ष शहजाद चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा किया।

जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने बताया किसी भी सरकारी विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं आने वाली समस्याओं का समाधान ईमानदारी से निष्ठा पूर्वक संगठन द्वारा किए जाते रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, जिला मंत्री सचिन जैन, जिला सदस्य रमाशंकर चौरसिया, डासना अध्यक्ष कफील अहमद, न्यूरोसर्जन डॉ राकेश शर्मा यशोदा हॉस्पिटल नेहरू नगर गाजियाबाद सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

# पाकिस्तान में हुए दो दर्दनाक हादसे

## कम से कम 16 लोगों की मौत, 45 अन्य जख्मी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अखबार डॉन ने बताया है कि लाल शाहबाज कलंदर के उर्स से पहले पाकिस्तान के सिंध के सेहवान शहर की ओर जा रहे वाहनों की दो दुर्घटनाओं में शनिवार को कम से कम 16 यात्रियों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के पास वैन के ट्रेलर से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में, पाकिस्तान के पंजाब के बुरेवाला इलाके के 11 यात्रियों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना खैरपुर जिले के रानीपुर के पास हुई।



काजी अहमद स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है और कहा है कि यह दुर्घटना काजी अहमद के पास अमरी रोड पर हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मिर्जा ने कहा कि श्रद्धालुओं को लेकर वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में लाल शाहबाज कलंदर की दरगाह की ओर जा रही थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया, तेज रफ़्तार वैन ने पहले एक गधा गाड़ी को टक्कर मारी, उसके बाद सामने से आ रहे एक ट्रेलर से जोरदार टक्कर हुई। मिर्जा के अनुसार, बचाव दल और पुलिस पहले मौके पर पहुँची और दो शवों और घायल लोगों को काजी अहमद तालुका अस्पताल ले गई। वसीम मिर्जा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को नवाबशाह स्थित पीपुल्स यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज फॉर विमेन में रेफर किया गया, जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया।

खैरपुर के डिप्टी कमिश्नर अहमद फवाद शाह ने बताया कि बुरेवाला से आ रही एक स्थानीय बस रानीपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे एक रिक्शा से टकरा गई। शाह के अनुसार, ड्राइवर ने शायद रिक्शा को बचाने की कोशिश की होगी। अहमद फवाद शाह ने बताया कि इस दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए।

## ऑस्ट्रिया में 23 वर्षीय व्यक्ति ने छह लोगों पर चाकू से किया हमला

### एक की मौत, पुलिस ने दी यह जानकारी




**नई दिल्ली ।** दक्षिणी ऑस्ट्रिया में शनिवार को एक 23 वर्षीय व्यक्ति ने छह राहगीरों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह एक आकस्मिक हमला था, जिसमें एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को विलाच शहर में हिरासत में लिया गया, जहां हमला हुआ था। उन्होंने बताया कि वह सीरियाई नागरिक है और ऑस्ट्रिया में उसका कानूनी निवास है।

पुलिस प्रवक्ता रेनर डायोनिसियो ने कहा कि अभी तक हमलावर की मंशा का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमलावर की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, हमें सुरक्षित जानकारी मिलने तक इंतजार करना होगा।

पुलिस ने बताया कि एक 42 वर्षीय व्यक्ति जो एक खाद्य वितरण कंपनी के लिए काम करता है, उसने अपनी कार से घटना को देखा। डायोनिसियो ने ऑस्ट्रिया के सार्वजनिक प्रसारक ओआरएफ को बताया कि वह संदिग्ध की ओर चला गया और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद की।

पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित पुरुष थे, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हुए और दो को मामूली चोटें आईं। शनिवार को बाद में पुलिस ने बताया कि हमले में एक पांचवां व्यक्ति भी घायल हुआ है, जो कि एक पुरुष है।

ऑस्ट्रिया के कैरिंथिया प्रांत के गवर्नर पीटर कैसर ने 14 वर्षीय पीड़िता के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

इस नृशंस अत्याचार का कठोर परिणाम भुगतना होगा। मैंने हमेशा स्पष्टता और स्पष्ट रूप से कहा है: जो लोग ऑस्ट्रिया के कैरिंथिया में रहते हैं, उन्हें कानून का सम्मान करना होगा और हमारे नियमों और मूल्यों के अनुसार ढलना होगा।

अति-दक्षिणपंथी नेता हर्बर्ट किक्ल ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वह विलाच में हुए भयानक कृत्य से स्तब्ध हैं और हमले में मारे गए 14 वर्षीय पीड़ित के परिवार को बहुत शक्ति की कामना करते हैं।

## एस जयशंकर जर्मनी में इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मिले

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी में अपने इस्राइली समकक्ष गिदोन सार से मुलाकात की और पश्चिम एशिया की स्थिति और इस्राइल के जरिए एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, #एमएससी2025 के मौके पर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोनसार से मिलकर बहुत खुशी हुई। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया गया। इस्राइली विदेश मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया इस्राइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। बयान में कहा गया कि उन्होंने (सार ने) इस्राइल से होकर एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के ट्रम्प के दृष्टिकोण पर चर्चा की। वाशिंगटन में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त सम्मेलन में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा, यह भारत से इस्राइल, इटली और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका तक जाएगा, और हमारे साझेदारों को बंदरगाहों, रेलमार्गों और समुद्र के नीचे बिछाई गई बहुत सारी केबलों से जोड़ेगा। यह एक बड़ी उपलब्धि है।



## पश्चिम एशिया के दौरे पर अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो रविवार से पश्चिम एशिया के दौरे की शुरूआत कर रहे हैं। इस दौरे पर मार्को रूबियो गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों सुझाव दिया था कि गाजा पट्टी का नियंत्रण अमेरिका को दिया जाना चाहिए और अमेरिका वहां पुनर्निर्माण कराएगा। साथ ही ट्रंप ने अरब देशों से गाजा से विस्थापित लोगों को अपने यहां बसाने की मांग की है। इस्राइली पीएम ने ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत किया था, लेकिन अरब देशों ने इसे खारिज कर दिया था।



रूबियो ने कहा- अरब देश साझा करें प्लान मार्को रूबियो ने बीते हफ्ते एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रंप के प्रस्ताव का उद्देश्य अरब देशों पर दबाव बनाना है कि वे भी गाजा पर ऐसी योजना पेश करें, जिससे गाजा में शांति आए और जो इस्राइल को भी स्वीकार्य हो। रूबियो ने कहा कि हमास की गाजा में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अरब देशों से गाजा में सेना भेजने की भी मांग की ताकि हमास को खत्म किया जा सके। हालांकि उन्होंने अमेरिकी सैनिकों के गाजा में भेजने से इनकार किया। रूबियो ने कहा कि अगर किसी के पास ट्रंप के प्रस्ताव से बेहतर योजना है तो हमारे साथ साझा करे। अरब देशों के दौरे पर रूबियो सबसे पहले इस्राइल पहुंचेंगे। अभी ये साफ नहीं है कि क्या वे किसी फलस्तीनी नेता से भी मिलेंगे या नहीं। इस्राइल के बाद रूबियो सऊदी अरब और यूएई जाएंगे। युद्धविराम समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश जारी इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता आशंकाओं के बीच अभी भी बना हुआ है। समझौते के तहत कई बंधकों को रिहा किया गया है। हालांकि इसकी समय सीमा मार्च के शुरूआती हफ्तों में ही खत्म होने वाली है।

## यूरोप पर हमला करने की तैयारी कर रहा रूस, यूरोपीय सेना बनाने की जरूरत

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोपीय देशों के अपील की है कि उन्हें एक संयुक्त सेना बनाने की जरूरत है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में जेलेंस्की ने आशंका जताई कि अमेरिका, यूरोप को मुद्दों को न भी कह सकता है और अगर ऐसा हुआ तो यूरोप की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। जेलेंस्की ने ये भी दावा किया कि उन्हें अपनी खुफिया एजेंसी से पता चला है कि रूस इन गर्मियों में ही यूरोप को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है।



### यूरोप को सेना बनाने की जरूरत

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि यूरोप के लिए अब अपनी खुद की सशस्त्र सेना बनाने का समय आ गया है। ईमानदारी से कहूं तो अब हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि अमेरिका उन मुद्दों पर यूरोप को 'नहीं' कह सकता है, जो उसके लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि 'यूरोप को एकजुट होने और एक समान विदेश और रक्षा नीति बनाने की जरूरत है, जो अमेरिका को दिखाए कि ब्लॉक अपनी सुरक्षा के बारे में गंभीर है। उन्होंने कहा, 'यूरोप के पास वह सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। उसे बस एक साथ आकर काम करने की जरूरत है ताकि कोई भी उसे 'नहीं' न कह सके, उस पर हुक्म न चला सके या उसे आसानी से हरा न सके।'

### 'यूरोप पर हमले की योजना बना रहे पुतिन'

जेलेंस्की ने दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने सशस्त्र बलों में 150,000 सैनिकों को शामिल कर रहे हैं, जो कि अधिकांश यूरोपीय सेनाओं से बड़ा आंकड़ा है। रूस में हर सप्ताह सेना भर्ती कार्यालय खोले जा रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी खुफिया सेवाओं के पास 'स्पष्ट खुफिया जानकारी है कि इस गर्मी में रूस प्रशिक्षण अभ्यास के बहाने बेलारूस में सेना भेजने की योजना बना रहा है।' उन्होंने कहा कि यह यूरोपीय देशों के खिलाफ अभियान की शुरूआत हो सकती है। हालांकि नाटो की सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल ग्यूसेप कैवो ड्रैगन ने कहा कि फिलहाल उनके पास ऐसी पुष्ट जानकारी नहीं है।

## एलन मस्क के नेतृत्व वाली 'डोज' का फैसला, भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की मदद रोकी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई), जिसकी कमान एलन मस्क के पास है, ने भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर (लगभग 175 करोड़ रुपये) की मदद को रद्द कर दिया है। यह फैसला अमेरिकी सरकार के अंतरराष्ट्रीय मदद बजट में कटौती के तहत लिया गया है। डीओजीई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस फैसले की जानकारी दी। इस पोस्ट में लिखा गया, 'अमेरिकी टैक्स देने वालों के पैसे इन चीजों पर खर्च किए जा रहे थे, जिन्हें अब रोक दिया गया है।' इसमें भारत में वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर की राशि का भी जिक्र था।

यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से सरकारी खर्चों में कटौती के तहत लिया गया है। एलन मस्क, जो इस विभाग के प्रमुख हैं, कई बार कह चुके हैं कि 'अगर सरकारी खर्चों में कटौती नहीं हुई तो अमेरिका दिवालिया हो जाएगा।' बता दें कि, हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी में मुलाकात हुई थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की, लेकिन इस फंडिंग रोकने के फैसले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया।

## ट्रंप सरकार में वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी

**वॉशिंगटन ।** ट्रंप प्रशासन में संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, जिसने पूरे अमेरिका में हलचल मचा दी है। बीते कुछ दिनों में ही हजारों संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई कर्मचारियों को तो माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। सरकार के इस फैसले से प्रोबेशनरी कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं और करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है।



**वीडियो कॉल पर नौकरी से निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी** :छंटनी का नया दौर शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें अमेरिकी सरकार के आंतरिक विभाग से करीब 2300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, वे सार्वजनिक भूमि, राष्ट्रीय उद्यान और तेल-गैस के पट्टों के प्रबंधन से जुड़े थे।

इस छंटनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि ट्रंप सरकार कर्मचारियों को अपने बचाव का मौका भी नहीं दे रही है और लोगों को वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है।

## विदेश मंत्री से सवाल- वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र खतरे में

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जर्मनी के म्यूनिख में भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों की ताकत का जोरदार उदाहरण पेश किया। क्या वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र खतरे में है...इस सवाल पर जयशंकर ने अपनी स्याही लगी अंगुली दिखाकर बताया कि भारत में लोकतंत्र सुरक्षित है।जयशंकर ने अपनी स्याही लगी अंगुली दिखाते हुए कहा, मैं लोकतंत्र को लेकर आशावान हूं। मैं अभी अपने राज्य में चुनाव में हिस्सा लेकर आया हूं। बीते साल हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए। 90 करोड़ मतदाताओं में से 70 करोड़ ने इसमें हिस्सा लिया। हम एक ही दिन में नतीजे घोषित करते हैं और नतीजों के बाद हमारे यहां विवाद नहीं होता।



जब से हमने मतदान करना शुरू किया है, तब से हमारे वोटिंग प्रतिशत में 20% का इजाफा हुआ है। मैं इस बात से असहमत हूं कि लोकतंत्र दुनियाभर में खतरे में है। पश्चिमी देशों को दिखाया आईना...गैर लोकतांत्रिक ताकतों को देते हैं बढ़ावा

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में पैनल चर्चा में भाग लेते हुए जयशंकर ने कहा कि लोकतंत्र को लेकर भारत का इतिहास बेदाग रहा है, लेकिन वैश्विक लोकतंत्र पर पश्चिमी देशों की कथनी-करनी में अंतर है। वे लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन विदेश नीतियों में इसे लागू नहीं करते। एक समय जब लोकतंत्र को पश्चिमी देश अपनी विशेषता मानते थे और उसी समय विकासशील देशों में गैर-लोकतांत्रिक ताकतों को बढ़ावा देने में लगे थे। उनका इशारा पाकिस्तान व बांग्लादेश की ओर था।

## पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, डॉक्टरों ने श्वसन संक्रमण के इलाज के लिए पूर्ण आराम की सलाह दी

**रोम ।** पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार हुआ है। वेटिकन ने बताया कि डॉक्टरों ने शनिवार को पोप फ्रांसिस को 'पूर्ण विश्राम' करने की सलाह दी है। पोप फ्रांसिस (88) को सांस संबंधी तकलीफ और हल्के बुखार के कारण शुक्रवार को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उन्हें ब्रोंकाइटिस की शिकायत थी। 2013 के चुनाव के बाद से पोप फ्रांसिस को चौथी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंता बढ़ गई है।



### प्रारंभिक जांचों में श्वसन संक्रमण का पता चला

प्रारंभिक जांचों से पता चला है कि उन्हें श्वसन संक्रमण था, जिसकी शनिवार को पुष्टि हुई। ताजा बुलेटिन में, वेटिकन ने कहा कि पोप फ्रांसिस को शनिवार को बुखार नहीं था और उनकी सेहत में कुछ सुधार दिखा। वेटिकन ने कहा कि पोप ने अस्पताल में अपनी पहली रात शांति से बिताई, नाश्ता किया, समाचार पत्र पढ़ा और प्रार्थना की। वेटिकन ने बताया कि कम से कम सोमवार तक दर्शकों के साथ उनकी मुलाकातों को रद्द कर दिया गया है।

पोप फ्रांसिस ने हाल ही में काफी सक्रियता दिखाई है, हालांकि फेफड़ों के संक्रमण के कारण युवावस्था में उनका एक फेफड़े का हिस्सा निकालना पड़ा था। उन्होंने हाल ही में कई कार्यक्रमों में भाग लिया है, जिसमें कैथोलिक चर्च को उसके पवित्र वर्ष के माध्यम से चलाने की अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी शामिल हैं।

**डॉक्टरों के निर्देशानुसार, पोप फ्रांसिस इस रविवार का पारंपरिक आशीर्वाद नहीं देंगे, जिसे वे अपने अस्पताल के कमरे से देते, अगर वे स्वस्थ होते**

**क्रिसमस के बाद से पोप ने कई कार्यक्रम किए** : क्रिसमस के बाद से उन्होंने लगभग हर दूसरे सप्ताहांत में जयंती समारोह आयोजित किए हैं, जिसमें पिछले सप्ताहांत सशस्त्र बलों को सम्मानित करने वाला एक कार्यक्रम भी शामिल है, जिसमें उन्होंने ब्रोंकाइटिस से पीड़ित होने के बावजूद, ठंड में बाहर निकली भारी भीड़ को संबोधित किया और घर के अंदर रहने के सलाह दी। तीर्थयात्री पोप फ्रांसिस के लिए कर रहे प्रार्थना इस सप्ताहांत, उन्हें कलाकारों के लिए एक विशेष समारोह में भाग लेना था, लेकिन अब उनकी जगह तीर्थयात्री एक बेसिलिका में एकत्र होकर उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पोप के स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। उन्हें अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ा है निमोनिया का कारण बन सकता है ब्रोंकाइटिस ब्रोंकाइटिस कभी-कभी निमोनिया का कारण बन सकता है।

## अमेरिकी डीएनआई बोलीं- भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने को तत्पर

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत करना अमेरिका के लिए सम्मान की बात है और वह दोनों देशों के बीच मित्रता को मजबूत करने को लेकर तत्पर हैं। मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए अमेरिका पहुंचने के बाद गबार्ड से मिलकर आतंक-रोधी मामले, साइबर सुरक्षा व उभरते खतरों में खुफिया सहयोग पर द्विपक्षीय बातचीत की।



पीएम के देश लौटने के बाद गबार्ड ने ह्यएक्सपर लिखा, भारत के पीएम लोकप्रिय व्यक्ति हैं। मैं भारत-अमेरिका मैत्री और मजबूत बनाने को तत्पर हूं। गबार्ड से मुलाकात के बाद मोदी ने उन्हें भारत-अमेरिका मित्रता की ह्यप्रबल समर्थकबताया। मोदी ने कहा, वाशिंगटन में गबार्ड से मिलकर उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी और भारत-अमेरिकी मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा व उभरते खतरों से निपटने के लिए खुफिया सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

**थरूर ने की प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप की मुलाकात की तारीफ** : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के हितों को ध्यान में रखकर अपना पक्ष रखा। हम हमेशा पार्टी के हितों के अनुसार बात नहीं कर सकते। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा से भारत के लोगों के लिए कुछ सार्थक परिणाम सामने आए हैं। ट्रंप के कार्यभार संभालने के बाद मोदी का चौथा विश्व नेता के रूप में उनसे मिलना भारत की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। लांकि, थरूर ने यह भी कहा कि इस यात्रा से जुड़े कुछ सवालों के जवाब अब तक नहीं मिले हैं।

**भारतीय हितों को खतरा पहुंचाने वाले चेत जाएं : तरणजीत संधू**

अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत ने कहा है कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा संदेश देती है ।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा का सम्मान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के द्वारा रविवार को महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक प्रचंड जीत पर उत्सव भवन (गायत्री भवन) 80 फुटा रोड शालीमार गार्डन में गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद एवं दिल्ली विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा का बहुत भव्य स्वागत सम्मान पार्षद ओमवती देवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद यशपाल प्रसाद, पार्षद प्रवीण भाटी, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, पार्षद ठाकुर मदन राय, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गोपाल सिंह सिसोदिया, आशीष बंसल, बिजेंद्र भडाना, हरमीत बख्शी, हरीश कुमार गौड़, ओमेंद्र कसाना, किरणपाल मावी, शैलेंद्र सक्सेना, केशव सक्सेना, द्वारिका नाथ कौल और समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के गणमान्य पदाधिकारी, आरडब्ल्यू अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री रामलीला समिति राज नगर की आम सभा आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर रामलीला मैदान में रविवार को श्री रामलीला समिति राज नगर (पंजी.) की आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें आगामी तीन वर्षों के लिए नई कमैटी का सर्वसम्मति से चयन किया गया जिसमें जय कुमार गुप्ता को पुन : अध्यक्ष चुना गया।

दीपक मित्तल सीए को महामंत्री एवं आर के शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। कमैटी के संरक्षक जितेंद्र यादव के द्वारा चुनाव की घोषणा की गई उपरोक्त तीनों नामों के अलावा किसी ने कोई नाम प्रस्तुत नहीं किया अतः सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का चयन किया गया ।

मीडिया प्रभारी सुनील दत्त ने बताया कि आज आहूत की गई आम सभा में राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डी के गोयल सहित समस्त पदाधिकारी एवं रामलीला समिति के सभी 1 01 कार्यकारी सदस्यों सहित राज नगर के पार्षद प्रवीण चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की भगवा राजनीति में नजर आ रहा है आजकल गजब का केस? हम देख रहे हैं जो बन कर आये हैं नए-नए भगवा कमिश्नर? वो अपने होर्डिंग पर नहीं लगा रहे हैं अध्यक्ष और मिस्टर गर्ग का फेस? दे रहे हैं 10 के 10 मिलकर एकतरफा मोहब्बत का संदेश? बावजूद इसके जब भगवा पहलवान ने प्रोग्राम किया तो कार्यक्रम के बैकड्रॉप पर लगाया उन्होंने हैवीवेट वालों का फेस? भले ही उन्होंने भारी मन से दिया हो पैगाम? मगर वो जानते हैं कि होर्डिंग वाली राजनीति में रखना होता है बड़े नेताओं का ध्यान? मंडल वालों को ये सीख कमांडर के दोस्त से लेनी चाहिए श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये सभी को पता कि भगवा युवा जायसवाल करते हैं गोयल साहब से मोहब्बत बहुत खास? वो रखते हैं गोयल साहब की जगह अपने दिल में खास? सुना है जब सावरें से सांवरिया ने किया उनसे कौन बन रहा है अध्यक्ष इस पर सवाल? तो इस सवाल पर पेश की जायसवाल ने अलग ही मिसाल? उन्होंने कहा मेरा दिल तो रहता है गोयल साहब के नाम पर ही राजी? मैं देना चाहता हूं कुछ खास चेहरों को संदेश? ये भाजपा है यहां पर आखिरी गेंद पर भी पलट जाती है बाजी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल भगवा सांवरिया जी लगातार कर रहे हैं कमांडर की तारीफ? अब इस तारीफ को वो खुल कर कहने में भी नहीं कर रहे हैं कोई कष्ट महसूस? सुना है उन्होंने मंत्री जी की मीडिया देखने वाले से खुल कर की भगवा कमांडर की तरीफ? बहुत ही शानदार तरीके से उन्होंने शब्दों को किया यूज? कहा संजीव शर्मा दर्ज कर चुके हैं महानगर अध्यक्ष के रूप में इतिहास? अगर चार चेहरे भी मिल कर बन जायें अध्यक्ष? तो भी नहीं टिकेगा उनका मामला इनके आस-पास? उन्होंने खींची है अपनी मेहनत से इस पद पर लंबी लाईन? सच बतायें इसलिए ये चेहरा हमको लगता है बहुत फाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुझे इस बात को कहने में बिल्कुल भी नहीं है खेद? जब भी पड़ती है मेरी भाजपा के दो जनप्रतिनिधियों पर नजर? तब उन्हें देख कर लगता है कि जैसे नदिया पार के उधर और नदिया पार के इधर वालों मे लगी हुई है जबरदस्त रेस? हम देख रहे हैं आजकल दोनों दनादन कर रहे हैं प्रोग्राम? कोई लिट्टी-चोखा खिला रहा है तो कोई तहसील दिवस में कर रहा है समाधान? कहने वाले ने कहा दोनों की मेहनत में नहीं दिख रही है हमें कोई कोर और कसर? क्या इसे माना जा सकता है किसी तरह के कम्पटीशन का असर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुद्दों को लेकर अक्सर पार्षद राजीव शर्मा रहते हैं वॉयलेंट? मगर ना जाने ऐसा क्या हुआ है जो एक दम वो हो गये हैं साईलेंट? लगभग एक महीने से उनकी किसी मुद्दे पर भी सुनाई नहीं दे रही है आवाज? ठेली पटरी वाले मुद्दे पर भी उन्होंने चुप्पी ली है साध? कहने वाले ने कहा या तो ये होने वाले उपाध्यक्ष के चुनाव की वजह है? या फिर इस खामोशी के पीछे छिपा है कोई गहरा वाला राज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनपद में कभी हाथ वाली डॉली मैडम की सुनाई देती थी क्रान्ति? वो हर मुद्दे पर मुखर होतीं थीं, नहीं धारण करती थी शांति? मगर हम देख रहे हैं इन दिनों वो शहर के प्रमुख मुद्दों पर हो गई हैं काफी खामोश? पहले की तरह नहीं दिख रहा है उनकी राजनीति का जोश? कुछ तो वजह है जो हैं वो खामोश? या तो उन्होंने कर लिया है राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस? या फिर वो अब गाजियाबाद को लेकर कुछ ज्यादा नहीं रही हैं सोच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने सुने गर्ग साहब के मुख से पहलवान की तरीफ के बहुत सारे शब्द? फिर हमने इन शब्दों को सुनने के बाद सोची बहुत सारी बातें? जिसका निचोड़ निकालने में हमें लग गया बहुत ज्यादा वक्त? हमने महसूस किया कि पहलवान की तारीफ करके गर्ग साहब ने लगाया है उनके जख्मों पर मरहम? कर दिया है उन्होंने उस पहलवान के दिल के तवे को ठंडा? जो हो रहा था बहुत ज्यादा गर्म? अब आप इस बात को अध्यक्ष वाले मैटर से भी जोड़ सकते हो? जोड़ेगे तो बहुत-बहुत शुक्रिया, मेहरबानी और कर्म?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले नागर अगर अपने प्रिय सेन का टटोलेंगे दिल? थोड़ा बहुत टटोलने से ही उनको बहुत सारी बातें जायेंगी मिल? भगवा सेन ने भी सीने में किया हुआ है काफी दर्द दर्ज? वो टटोलेगें तो पता चलेगा कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं इस वक्त पुराने वाले मर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की यूथ पोलीटिक्स हो गई है इस वक्त बहुत ज्यादा शांत? जन-जुड़ाव से जुड़े हुए दिख नहीं रही है ये बहुत कम? ना युगल भैया के हो रहे है दर्शन? ना चौपड़ा जी की सक्रियता वाला दिख रहा है किरदार? कुछ मामला रॉबिन भैया का भी हल्का चल रहा है? लग रहा है जैसे ठाकुर साहब ने भी डाल दिये हैं हथियार? माही भी हैं यूथ पोलीटिक्स में पूरी तरह सीन से आउट? डेढ़ा जी राजनीति से ज्यादा मंदिरों के फेरे लगा रहे हैं? इस बात में नहीं है कोई डाउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विपक्ष के एक अध्यक्ष की यूं ही नहीं हुई है अपने पद से विदाई? पता चला है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में जितनी ताकत लगानी चाहिए थी उनको? उन्होंने उस हिसाब से ताकत ही नहीं लगाई? कहने वाले ने कहा आठ चेहरों के साथ ही कर दिया उन्होंने अपने नेता का स्वागत? बस इसी बात से आ गई उनके पद पर आफत? मांगने पर भी नहीं दी उन्होंने गाड़ियों की संख्या की रिपोर्ट? ये ही वजह रही कि एकदम पड़ गई उनके पद पर चोट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना दुखद : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल सत्ता में बैठी सरकार के द्वारा 100 अच्छे कार्य करने के बाद भी जनता के द्वारा सरकार प्रशंसा होगी या नहीं होगी यह तो भविष्य की बात होती है? सरकार शर्मिंदा हो जाती है दिल्ली रेलवे स्टेशन जैसी घटना होना बहुत ही दुखद व असहनीय है। सरकार कोई भी हो केंद्र या प्रदेश में उस समय कुछ गैरजिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा लापरवाही होने पर सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है तमाम जनता के सामने इसका उदाहरण है जैसे ही दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक से उम्मीद से ज्यादा टिकट काउंटर पर टिकट खरीदी जा रही थी और प्लेटफार्म पर अचानक से भीड़ बढ़ रही उस समय रेलवे की व्यवस्था देखने के लिए या सुरक्षा से संबंधित जो प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदारी संभाल रहे थे उन अधिकारियों के द्वारा हाई कमान को क्यों सूचित नहीं किया गया फैली हुई अव्यवस्था को देखकर क्यों इंतजाम नहीं किए गए इस भीड़ को कंट्रोल करने के लिए अधिकारियों को अपनी मानवता दिखानी चाहिए थी उसे समय क्यों मानवता नहीं दिखा पाए अधिकारी सबसे ज्यादा सोचने और विचारने का सवाल है उन अधिकारियों के ऊपर? इस दुखद घटना पर प्रशासन के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को कबूल करें कि हमारे द्वारा लापरवाही होने पर बड़ा हादसा हुआ है। सरकार के पास सभी संसाधन है लेकिन सरकार को जब कोई बताएगा तभी ही सरकार कर पाएगी। हादसे के दौरान जिस परिवार का सदस्य अपनी जान गवा चुका इस दुखद हादसे में वह व्यक्ति लौट कर वापस नहीं आ सकता हादसे के बाद सरकार के द्वारा कितने भी मुआवजे की घोषणा कर दी जाए जब तक प्रशासन के अधिकारियों के ऊपर एक्शन नहीं होगा उनके ऊपर कठोर कार्रवाई नहीं होगी कार्रवाई भी ऐसी हो जो एक मिसाल बने अधिकारी का केवल ट्रांसफर करके दूसरे स्थान पर भेज देना काफी नहीं है ऐसी कार्रवाई हो जिसकी वजह से दिमाग में दहशत हो ड्यूटी पर बैठे हुए अधिकारी के ड्यूटी के दौरान बैठा हुआ अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को इस तरीके से निभाए कि अगर मेरी ड्यूटी के दौरान कोई हादसा होगा तो मेरे ऊपर भी असहनीय कार्रवाई होगी उसके लिए प्राथमिकता हो घटना को रोकना जब उसको लगे कि मेरे कंट्रोल से बाहर बात हो रही है समय से सरकार को सचेत करें तब ही हम भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोक सकते हैं। परमात्मा से अरदास की दोबारा कभी ऐसी कोई घटना भविष्य में ना हो और जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझ कर निभाई मानवता को सबसे ऊपर रखें।

# अमरजीत सिंह बिड्डी ने किया नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत




**मुरादनगर, करंट क्राइम।** मुरादनगर के गांव चित्तौड़ा में राष्ट्रीय लोक दल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि रामपाल चौधरी एक कर्मठ और समर्पित व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने यह जिम्मेदारी सोच-समझकर सौंपी है, और वे निश्चित रूप से पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, वे इसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव बिट्टू खंजरपुर, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह (डायरेक्टर), आनंद सिंह, मास्टर योगेंद्र सिंह, समरजीत सिंह, आसिंदर उपाध्याय, मोहित गौतम, नितिन कुमार, राहुल तंवर, विनीत कुमार, भारत सिंह, समीर चौधरी, नवीन कुमार, शेखर सिंह, संसार सिंह, जितेंद्र सिंह, महक सिंह, सुशील कुमार, राम कुमार सिंह, जोगिंदर सिंह, नरेश कुमार, मुकरजीत, उमेश कुमार, संजीव कुमार, ठाकुर गोपीचंद, कृष्ण पाल सिंह, सोहन पाल सिंह, डॉ. बाबू, नरेंद्र मुकद्दम, सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार, संजीव कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अवकाश दिवस में लगे कैंप से 41 लाख की हुई वसूली इंदिरापुरम से चार लाख वसूला गया अनुरक्षण शुल्क




## हाउस टैक्स वसूली में नगर आयुक्त की प्लानिंग हो रही है सफल, 1103 करदाताओं ने उठाया लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निर्देश के क्रम में हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के लिए अवकाश दिवस में भी 12 स्थान पर कैंप लगवाए गए, साथ ही अवकाश दिवस रविवार में जोनल कार्यालय भी खोले गए सम्मानित करदाताओं को सहूलियत रही नजदीकी कैंप पर पहुंच कर हाउस टैक्स जमा कराया गया लगभग पांचो जोन से 41 लाख की वसूली हुई 1103 करदाताओं ने कैंप का लाभ उठाया, वसुंधरा में 850, विजयनगर में 71 कवि नगर में 12 मोहन नगर क्षेत्र में 100 तथा सिटी जोन अंतर्गत 70 करदाताओं ने कैंप में हाउस टैक्स जमा कराया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा भी सभी कैंप पर निरीक्षण किया गया। वसुंधरा जोन अंतर्गत 17 लाख की वसूली की गई, कवि नगर जोन अंतर्गत 6 की वसूली हुई। मोहन नगर जोन से 8 की वसूली हुई, विजयनगर अंतर्गत 5 की वसूली हुई, सिटी जोन अंतर्गत 5 की वसूली की गई इसके अलावा भी इंदिरापुरम क्षेत्र से अनुरक्षण शुल्क के रूप में चार लाख की वसूली कैंप के माध्यम से हुई, गाजियाबाद नगर निगम टीम के द्वारा कड़ी मेहनत के साथ शहर हित में लगातार कार्य किया जा रहा है तथा हाउस टैक्स वसूली को भी बढ़ाया जा रहा है, माननीय पार्षद भी आवश्यक वसूली में सहयोग कर रहे हैं। करदाताओं को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगाए गए कैंप से सहूलियत रही सभी ने हाउस टैक्स जमा कराया तथा गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद भी किया आगे भी अन्य क्षेत्रों में 31 मार्च तक अवकाश दिवसों में भी कैंप लगते रहेंगे शहर वासियों को लाभ मिलेगा। बड़े करदाताओं से हाउस टैक्स वसूलने के लिए कार्यवाही को बढ़ाया जा रहा है जिसमें सीलिंग की कार्यवाही आज से और अधिक तेजी से की जाएगी निर्णय लिया गया है।

# राजनगर आरडब्ल्यूए के संयोजन में चाय पर चर्चा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को राजनगर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डी के गोयल , क्षेत्रीय पार्षद तथा पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी तथा सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत की पहल पर राजनगर में चाय पर चर्चा आयोजित हुई। सेंट्रल पार्क के सामने आयोजित इस चर्चा में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। सांसद अतुल गर्ग का स्वागत महिला विंग की सिमरन रंधावा ने पुष्प गुच्छ भेट कर किया। चाय पर चर्चा में मुख्य रूप से गाजियाबाद की उन्नति को लेकर सभी ने अपने विचार रखे। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सभी लोगों को संसद भवन देखने के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई संसद भवन देखने की इच्छा रखते हैं तो वह हमसे संपर्क करें। उन्होंने कहा कि 10 मार्च के बाद संसद कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। इस अवसर पर राजनगर आर 'डब्ल्यूए की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया। सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शहर विधायक संजीव शर्मा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

# वसुंधरा सेक्टर 14 में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 14 ग्रीन बेल्ट पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वस्थय मेले में जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर वसुंधरा द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ पाइक जैन ने बताया कि मेले का आयोजन विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीवी उन्मूलन कार्यक्रम की योगदान देने हेतु किया गया। मेले में निशुल्क कैंसर के मरीजों की जांच भी की गई और रोगियों विशेष रूप से निशुल्क परामर्श से दिया। जिसमे मेले में बीपी, शुगर, पीएफटी, कैंसर स्कैनिंग, पेप स्मेर, मैमोग्राफी, मेले में आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन भी किया गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम सौर ऊर्जा की बढ़ावा देने हेतु सोलर कैंप का आयोजन भी किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व महिला अध्यक्ष गाजियाबाद अनीता शर्मा बीजेपी कार्य समिति सदस्य उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिभा शर्मा, राजीव शर्मा, पार्षद हिमांशु चौधरी, डॉक्टर रितु वर्मा, डॉक्टर भारती गर्ग का विशेष योगदान रहा मेले में लगभग 500 से 600 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ की हड्डी रोग विशेषज्ञ में डायरेक्ट जैन हॉस्पिटल ने रिसर्च सेंटर डायरेक्टर डॉ पीके जैन बताया कि भविष्य में इस तरह के कैंप अलग-अलग गांव में लगाए जाएंगे वह मोदी के टीवी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। डॉक्टर पी के जन धरमशिला नारायण हॉस्पिटल का सहयोग करने में धन्यवाद दिया तथा भविष्य में आगे भी सहयोग देने की अपेक्षा की। रीति फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉक्टर आमिर, डॉक्टर फरहद आलम, रेहान, रिहाना, शमा खान, शिवम, श्रेया, तन्नू, रानी, रूबी, अचला, सोनी, हिमांशी, आशा, मीना आदि मौजूद रहे। वैशाली डिस्पेंसरी प्रभारी रितु वर्मा ने कहा कि स्वस्थय मेले में बलगम जांच के दौरान अगर किसी व्यक्ति को टीबी (क्षय रोग) का मरीज पाया गया तो परिवार के सभी सदस्यों को सघन स्वास्थ्य जांच से गुजरना होगा। क्षेत्र में जगह-जगह पर जाकर कैंप लगाकर टीबी रोग से पीड़ित लोगों के परिजनों के वैक्सीन लगायी जा रही है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Satendra Singh
Stories · 11m ·

अद्भुत | अकल्पनीय | अविश्वसनीय महाकुंभ 2025: आस्था, परंपरा और अध्यात्म का महासंगम भाव विभोर करने वाला क्षण! १४ फरवरी को महाकुंभ में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ - और उसी दिन ५० करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान कर इतिहास रच दिया! यह दिव्य आयोजन हमारे माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सशक्त नेतृत्व और अद्वितीय व्यवस्थाओं के बिना संभव नहीं था। स्थानीय प्रशासन की तत्परता और सहयोग भी वंदनीय है। कल्पना कीजिए! भारत और चीन को छोड़कर किसी भी देश की कुल जनसंख्या से अधिक लोग अब तक इस पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। चारों ओर गूंज रही हैं भक्ति की स्वरलहरीयां— ॐ नमः शिवाय, जय श्री राम, राधे राधे - हर गली, हर मोड़ पर एक ही स्वर... श्रद्धा और भक्ति। कितनी अद्भुत बात है ना? जब ५० मेहमानों का एक छोटा सा आयोजन हमारे लिए चुनौती बन जाता है, तब करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए किए...

message...

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महा कुंभ स्नान की महिमा को सतेंद्र सिंह ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उन्होंने स्नान के प्रबंधन की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा एक बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा रहा है। सतेंद्र सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।